RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 91 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,रविवार, 27 सितंबर 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

## ब्रीफ न्यूज

### नगालैंड में जहरीली शराब से दो दिनों में 19 लोगों की मौत

**कोहिमा, आरएनएन।** नगालैंड में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से पिछले दो दिनों में 19 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मोकोकचुंग जिले में आठ और तुएनसांग जिले में 11 लोगों की जान गई है। घटना के बाद पुलिस ने राज्य में कई जगह छापेमारी कर करीब 3,000 बोतलें जब्त की हैं और 19 लोगों को गिरफ्तार किया है।राज्य में 1990 से शराबबंदी लागू है। पुलिस ने मिलावटी शराब के स्रोत और उसकी सप्लाई चेन का पता लगाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आई. बुंगलांग चांग के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है।

### टीएमसी विधायक कुणाल की कार पर अंडों,पत्थरों से हमला



**कोलकाता, आरएनएन।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में शनिवार को ममता बनर्जी गुट के टीएमसी विधायक कुणाल घोष की कार पर पत्थर और अंडों से हमला किया गया। वह ममता बनर्जी की रैली में शामिल होने के लिए श्रीरामपुर जा रहे थे। यह घटना उत्तरपारा इलाके में हुई, जहां कथित तौर पर काले झंडे लिए लोगों के एक ग्रुप ने घोष की गाड़ी को घेर लिया और गो बैक के नारे लगाए। सामने आए वीडियो के अनुसार, कई लोग घोष की गाड़ी को सामने से घेरकर खड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथों में अंडे और पत्थर हैं।

### मेदिनीपुर में बीजेपी कार्यकर्ता को पीट-पीटकर मार डाला

**कोलकाता, आरएनएन।** पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में एक बीजेपी कार्यकर्ता पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई है। मरने वाले की पहचान 32 साल के शमशेर बिस्वास के तौर पर हुई है। यह घटना शनिवार सुबह मेदिनीपुर ग्रामीण के हाथीहालकर में हुई है। उसे गंभीर हालत में घटनास्थल से निकालकर मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय सूत्रों के

### 30 सितंबर को होगी इंडिया ब्लॉक की अहम बैठक

# सीईसी पर आर-पार के मूड में विपक्ष




● नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के मुद्दे पर इंडिया ब्लॉक की बैठक 30 सितंबर को दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में होगी। बैठक में इंडिया ब्लॉक के सभी प्रमुख नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इंडिया ब्लॉक की जल्द बैठक कराने को लेकर विपक्षी दलों के बीच बातचीत चल रही थी, जो अब बैठक की तारीख तय होने के साथ आगे बढ़ गई है। ममता बनर्जी ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से बात की थी, जबकि सीपीएम महासचिव एमए बेबी इंडिया ब्लॉक के अन्य दलों से बातचीत कर रहे थे। इसमें ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी शामिल होंगे। दरअसल, सीईसी ज्ञानेश कुमार को लेकर इंडिया ब्लॉक में पहले से चर्चा चल रही थी।

चुनाव आयोग में सामने आए मतभेद के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी सीपीएम और टीएमसी के शीर्ष नेताओं के बीच भी बातचीत हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, सीपीएम के पत्र पर ममता बनर्जी की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। सूत्रों के मुताबिक, सीपीएम महासचिव एमए बेबी और एआईटीसी प्रमुख ममता बनर्जी ने शुक्रवार दोपहर फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान सीईसी ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा हुई थी। एमए बेबी ने अपने पत्र में इंडिया ब्लॉक प्लस की पार्टियों को एक मंच पर लाने की जरूरत बताई थी, ताकि सीईसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा सके और चुनावी सुधारों को लेकर अभियान शुरू किया जा सके। यह पत्र 23 सितंबर को भेजा गया था, जिसके जवाब में ममता बनर्जी ने अगले दिन दोपहर फोन पर बातचीत की थी।

### ज्ञानेश कुमार पर राहुल बोले- पहले बीजेपी के लिए भर्ती करते थे, अब चुनाव के अंपायर

**नई दिल्ली, आरएनएन।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सीईसी ज्ञानेश कुमार को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनकी निंदा की है। राहुल गांधी ने केरल के पूर्व मुख्य सचिव और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी जिजी थॉमसन के हालिया दावों का हवाला देते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। राहुल ने एक्स पर लिखा, पहले ज्ञानेश कुमार का इस्तेमाल बीजेपी के लिए लोगों की भर्ती करने में किया गया। फिर मोदी और शाह ने उन्हें अंपायर बना दिया और भारत के चुनावों में मैच फिक्सिंग की ज़िम्मेदारी सौंप दी। दरअसल, केरल के पूर्व मुख्य सचिव जिजी थॉमसन ने दावा किया है कि ज्ञानेश कुमार ने उन्हें बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ने की सलाह दी थी।थॉमसन ने ऑनमनोरमा को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि यह बातचीत साल 2016 में हुई थी, जब दोनों ही सरकारी सेवा में थे। उनके अनुसार, यह मुलाक़ात दिल्ली जाने वाली एक उड़ान के दौरान हुई थी। उस समय वह केरल के सीएस के पद पर कार्यरत थे। थॉमसन ने कहा, बातचीत के दौरान ज्ञानेश कुमार ने उनसे पूछा कि रिटायरमेंट के बाद उनकी क्या योजना है। इस पर उन्होंने जवाब दिया कि उन्होंने कोई विशेष योजना नहीं बनाई है। थॉमसन के अनुसार, इसके बाद ज्ञानेश कुमार ने उन्हें सुझाव दिया कि वह वर्ष 2019 का लोकसभा चुनाव बीजेपी उम्मीदवार के रूप में लड़ें। थॉमसन ने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार ने उनसे कहा था कि चुनाव जीतकर वे सांसद बन सकते हैं और आगे चलकर केंद्रीय मंत्रिमंडल में मंत्री बनने का अवसर भी मिल सकता है।

### इतना आसान नहीं है मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाना



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को लेकर देश भर में उठ रहे सवालों के बीच अब विपक्षी पार्टियां उन्हें हटाने के लिए तीसरी बार महाभियोग लाने की तैयारी कर रही हैं। कई विपक्षी दल इसके लिए हाथ मिला चुके हैं। संसद के प्रस्तावित विशेष सत्र से पहले विपक्ष लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस देने की तैयारी कर रहा है। बता दें, हाल ही में, एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के आने के बाद से विपक्ष सीईसी ज्ञानेश कुमार पर हमलावर है और उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है। ऐसे में, अगर विपक्ष ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लोकसभा और राज्यसभा में नोटिस देता है, तो आगे की प्रक्रिया क्या होगी, यह कितनी लंबी और पेचीदा होगी। साथ ही, इसके लिए संवैधानिक प्रावधान क्या है। संविधान के अनुच्छेद 324(5) के तहत सीईसी को भी सुप्रीम कोर्ट के जज की तरह हटाया जा सकता है। जबकि अन्य दोनों निर्वाचन आयुक्तों को सीईसी की सिफारिश पर ही राष्ट्रपति हटा सकते हैं। सीईसी को उनके पद से हटाने के लिए लोकसभा में स्पीकर या राज्यसभा में सभापति को सबसे पहले नोटिस दिया जाता है। उस प्रस्ताव पर लोकसभा में 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के दस्तखत जरूरी हैं। इसके बाद लोकसभा में अध्यक्ष और राज्यसभा में सभापति यह तय करते हैं कि उस नोटिस को स्वीकार करना है या नहीं। फैक्ट्स के आधार पर नोटिस स्वीकार होने के बाद आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्यों की एक कमेटी बनाई जाती है।

## अफजल ने पिता को फंसाने CM को दी धमकी, मुंबई से पकड़ाया

### दोस्त के मोबाइल से डायल-112 पर भेजा था मैसेज

● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जान से मारने की धमकी देने के मामले में क्राइम ब्रांच ने आरोपी अफजल शेख को मुंबई से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी ने 23 सितंबर की सुबह करीब साढ़े 11 बजे भदभदा स्थित रेडियो मुख्यालय के डायल 112 के आधिकारिक वॉट्सऐप नंबर पर धमकी भरा मैसेज भेजा था। मैसेज भेजने के बाद उसने उसे दो बार एडिट किया और बाद में डिलीट कर दिया। हालांकि डायल 112 पर तैनात कर्मचारियों ने समय रहते उसका स्क्रीनशॉट सुरक्षित कर लिया था। शिकायत मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने तकनीकी जांच शुरू की।

**दो बार एडिट कर किया डिलीट, पुलिस ने स्क्रीनशॉट रखा सुरक्षित**

मोबाइल और वॉट्सऐप गतिविधियों के आधार पर आरोपी की लोकेशन मुंबई में मिली। इसके बाद पुलिस टीम ने वहां पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया। आरोपी को भोपाल जिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### पिता से रंजिश के चलते फंसाने की कोशिश

पूछताछ में अफजल ने पुलिस को बताया कि उसके माता-पिता का तलाक हो चुका है। वह पिता से रंजिश रखता है और इससे पहले भी उनके खिलाफ शिकायतें कर चुका है। पिता से रंजिश के चलते उन्हें फंसाने के लिए उसने मुख्यमंत्री को धमकी दी थी और इसके लिए दोस्त के मोबाइल का इस्तेमाल किया। हालांकि, पुलिस उसके इस दावे को अभी पूरी तरह सही नहीं मान रही है। पुलिस डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर उसकी भूमिका और धमकी के पीछे की वास्तविक वजह की जांच कर रही है।

### दोस्त की क्या भूमिका रही, पुलिस कर रही जांच

पुलिस अब उस दोस्त की भूमिका की भी जांच कर रही है, जिसके मोबाइल से मैसेज भेजा गया था। मोबाइल, सिम, वॉट्सऐप चैट और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच के साथ यह भी पता लगाया जा रहा है कि धमकी की साजिश आरोपी ने अकेले रची थी या किसी अन्य व्यक्ति की भी इसमें भूमिका थी। बताया जा रहा है कि आरोपी अफजल शेख मूलरूप से बुरहानपुर का रहने वाला है। वो एक कैटरिंग सर्विस में काम करता है ताकि उसे मुफ्त खाना मिलता रहे। कहा जा रहा है कि आरोपी बिना टिकट यात्रा करते भी पकड़ा जा चुका है। पुलिस उसके सभी बयानों की तस्दीक कर रही है

### कोहली सबसे तेज 15 हजार वनडे रन से 59 दूर

**तिरुवनंतपुरम**

भारत और वेस्टइंडीज के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज खेला जाएगा। तिरुवनंतपुरम के ग्रीनफील्ड इंटरनेशनल स्टेडियम में दोपहर 2 बजे से मैच शुरू होगा। भारत ने इस साल 3 वनडे सीरीज खेलीं। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ हार मिली, जबकि टीम ने अफगानिस्तान को हराया। विराट कोहली सबसे तेज 15 हजार वनडे रन से 59 रन दूर हैं। उन्होंने 302 पारियों में 14,941 रन बनाए हैं। सचिन तेंदुलकर ने 2007 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 377 पारियों में 15 हजार रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ कोहली के नाम 43 मैच में 2261 रन और 9 शतक हैं। एक और सेंचुरी लगाते ही वे दो अलग-अलग टीमों के खिलाफ 10-10 शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन जाएंगे।

### शिवकुमार बोले-बेंगलुरु आकर विधायक कर लेते हैं दो शादियां



**बेंगलुरु, आरएनएन।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने एक विवादित बयान दिया। यह बात उन्होंने कर्नाटक विधानसभा में कही। डीके शिवकुमार ने कहा कि एक दर्जन विधायकों ने दो शादियां की हैं। उनके इस बयान पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। कर्नाटक में बयानबाजी तेज हो गई है। बीजेपी नेताओं ने डीके शिवकुमार से मांग कर दी है कि उन विधायकों के नाम बताएं, जिन्होंने दो शादियां की हैं। डीके ने विधानसभा में सूखे की स्थिति पर हो रही बहस का जवाब देते हुए विधायकों के दो शादी वाली बात कही।

### मणिपुर में दो लोगों की सोते समय गोली मारकर हत्या

**इम्फाल, आरएनएन।** मणिपुर में एक बार फिर उग्रवादियों द्वारा दो नगा नागरिकों को गोली मारे जाने की घटना सामने आई है। यहां सेनापति जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने इस हत्याकांड को अंजाम दिया। उग्रवादियों के इस हमले में दो अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

### छात्रों के शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट पर बोले सीजेआई

## हम अधिकारों की रक्षा करेंगे

● पटना / आरएनएन



भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने देश भर में हो रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन पर दो टूक लहजे में कहा है कि न्यायपालिका छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध करने के मौलिक अधिकार की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने साफ किया है कि अगर इसका उल्लंघन होता है तो अदालतें चुप नहीं बैठेंगी। शनिवार को पटना के चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (सीएनएलयू) में सीजेआई नेखुलकर छात्रों से बात की और यह भी स्पष्ट किया कि वे खुले तौर पर सवाल-जवाब का सत्र पसंद करते हैं। इस कार्यक्रम में एक छात्रा ने सीजेआई से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों पर पुलिस की प्रतिक्रिया को लेकर सवाल पूछा था। सीएनएलयू के बयान के मुताबिक, कार्यक्रम में एक छात्रा ने शांतिपूर्ण छात्र प्रदर्शनों पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर सवाल लिया था। छात्रा के सवाल का संकेत हाल ही में नीट पेपर लीक के खिलाफ हुए कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शनों से था। छात्रा के सवाल पर सीजेआई ने कहा कि अगर पुलिस पर छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन को बेरहमी से दबाने का आरोप है तो अदालतें इस मामले में चुप नहीं बैठेंगी। उन्होंने छात्रों के शांतिपूर्ण प्रदर्शन के अधिकार की रक्षा के लिए न्यायपालिका की प्रतिबद्धता को भी दोहराया।

## हाथी महोत्सव में भाई-बहन हाथियों की शरारत

● भोपाल



बांधवगढ़ में हाथी महोत्सव के तीसरे दिन शनिवार को भाई-बहन हाथियों कृष्णा और बरखा की शरारत ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। कृष्णा अपनी बहन बरखा की टांग खींचता नजर आया, तो बरखा ने अपने महावत को सलाम कर पर्यटकों का ध्यान खींच लिया।

हाथियों की इन गतिविधियों को देखकर पर्यटक और विद्यार्थी खूब उत्साहित हुए। बांधवगढ़ के बफर क्षेत्र में भ्रमण के लिए आए पुणे के 70 से अधिक पर्यटक भी हाथी महोत्सव में पहुंचे। उन्होंने हाथियों को करीब से देखा और उनकी गतिविधियों का आनंद लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय की पुलिस अधीक्षक स्वाति मुराद वाडकर रहीं। उन्होंने भगवान गणेश की पूजा-अर्चना और आरती की। इसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौली और शासकीय कन्या हाई स्कूल खितौली के विद्यार्थियों ने भाषण और कविता के माध्यम से हाथियों तथा वन संरक्षण का महत्व बताया। शिक्षकों ने भी हाथियों और जंगलों के संरक्षण को लेकर अपने विचार रखे।

**बरखा ने महावत को किया सलाम**

### 50 से अधिक कर्मचारियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

हाथी महोत्सव के दौरान मानपुर से आए चिकित्सक दल ने महावतों, चाराकटरों समेत 50 से अधिक कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक, वन्यजीव स्वास्थ्य अधिकारी तथा ताला, धमोखर और मानपुर के सहायक संचालक सहित अन्य अमला कार्यक्रम में शामिल हुआ। हाथी महोत्सव एवं हाथी पुनर्यौवनीकरण शिविर का उद्देश्य पालतू हाथियों और उनके महावतों व चाराकटरों को विश्राम देना, हाथियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराना, उन्हें पसंद का भोजन उपलब्ध कराना और विशेष देखभाल करना है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों और पर्यटकों को हाथियों को करीब से जानने तथा वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का अवसर भी दिया जा रहा है।





## कबड्डी में डबल गोल्ड

### एशियन गेम्सः भारत ने एक दिन में जीते सात पदक, सावन और तूर को रजत, प्राची चौधरी को कांस्य

**आइची-नागोया**

एशियन गेम्स 2026 के सातवें दिन भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सात पदक जीते। इनमें दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य शामिल हैं। कबड्डी में भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने ईरान को हराकर स्वर्ण पदक जीते। यह भारत का एशियन गेम्स में कबड्डी का पुरुष वर्ग में नौवां स्वर्ण पदक है। एथलेटिक्स में सावन बरवाल ने पुरुष मैराथन में रजत जीतकर भारत का 44 साल का इंतजार खत्म किया, जबकि तजिंदरपाल सिंह तूर ने शॉट पुट में रजत और प्राची चौधरी ने 400 मीटर में कांस्य पदक हासिल किया।

### मैराथन में 44 साल बाद पदक



**सावन** बरवाल ने पुरुष मैराथन में 2:11.37 का समय निकालकर रजत पदक जीता। उनका प्रदर्शन राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बना। इस पदक के साथ मैराथन में एशियन गेम्स पदक के लिए भारत का 44 साल का इंतजार समाप्त हुआ। इससे पहले 1982 में नई दिल्ली एशियन गेम्स में होसुर कुकप्पा सीताराम ने कांस्य पदक जीता था। जापान के इचिताका यामाशिता ने 2:10.49 के समय के साथ स्वर्ण और चीन के पेइयू फेंग ने 2:12.13 के समय के साथ कांस्य पदक जीता।

### मप्र की बेटी आशी ने दिलाया रजत



**मप्र** राज्य शूटिंग अकादमी की निशानेबाज आशी चौकसे ने भारत को रजत पदक दिलाया। नागोया में 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन महिला टीम स्पर्धा में आशी, तिलोत्तमा सेन और विदरसा के. विनोद की भारतीय टीम ने 1763 अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। यह एशियन गेम्स में आशी का लगातार दूसरा रजत पदक है। इससे पहले 2023 हांगझोऊ एशियन गेम्स में भी उन्होंने इसी टीम स्पर्धा में रजत जीता था। आशी की इस उपलब्धि के साथ एशियन गेम्स में मप्र के खिलाड़ियों के खाते में अब तक 2 रजत और 1 कांस्य समेत कुल 3 पदक हो गए हैं। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने आशी को बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को प्रदेश और देश के लिए गौरवपूर्ण बताया।

## अब घर-घर जाकर दस्तावेज जुटाएंगे बीएलओ

**मतभेद की खबरों के बीच चुनाव आयोग ने की बैठक, कहा- एसआईआर पर सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए**

**दिल्ली-महाराष्ट्र में दावे-आपत्तियों की समयसीमा बढ़ी, बेघर लोगों के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश**

● नई दिल्ली




विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चुनाव आयोग में मतभेद की खबरों के बीच शनिवार को पूर्ण आयोग की बैठक हुई। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू व डॉ. विवेक जोशी की बैठक के बाद आयोग ने कहा कि एसआईआर से जुड़े सभी प्रमुख फैसले तीनों आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। आयोग ने कहा कि जिन मतदाताओं को नामांकन में विसंगति या अन्य कारणों से नोटिस जारी किया गया है, उनके घर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) जाएंगे।

बीएलओ जरूरी दस्तावेज जुटाकर उन्हें ईसीआईनेट पोर्टल पर अपलोड करेंगे। ऐसे मामलों में सामान्यतः मतदाताओं को निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) या सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी के कार्यालय में सुनवाई के लिए नहीं बुलाया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारियों को रैन बसेरों में रहने वाले लोगों, मजदूरों, गरीबों और बेघर नागरिकों के लिए विशेष शिविर और सहायता केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग के मुताबिक बिहार और पश्चिम बंगाल समेत 20 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। पात्र मतदाता, जिनके नाम छूट गए हैं या जो पहली बार मतदान के योग्य हुए हैं, संबंधित ईआरओ के समक्ष आवेदन कर सकते हैं।

### ईसीआईनेट की फिर होगी समीक्षा

आयोग ने ईसीआईनेट पोर्टल की दोबार समीक्षा के लिए वरिष्ठ उप निर्वाचन आयुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित करने का फैसला किया है। इसमें आईआईटी या आईआईआईटी के एक स्वतंत्र विशेषज्ञ को भी शामिल किया जाएगा। समिति यह देखेगी कि पोर्टल संबंधित कानूनों और नियमों के अनुरूप है या नहीं। आयोग के अनुसार, राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से मिले सुझावों के आधार पर पिछले कुछ महीनों में पोर्टल में कई बदलाव किए गए हैं। नई आईटी पहल और पोर्टल से जुड़े प्रस्तावों पर आयोग की मंजूरी से पहले अधिकारियों की समिति में चर्चा होगी।

### दिवाली-दशहरा पर 102 फेरे स्पेशल ट्रेन चलाएगा रेलवे...

● मुंबई/सोलापुर, आरएनएन

**आज से शुरू होगी बुकिंग**

दशहरा और दिवाली के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने सोलापुर मंडल से गुजरने वाले विभिन्न मार्गों पर फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों के कुल 102 फेरे प्रस्तावित हैं। ट्रेनों में बुकिंग 27 सितंबर से शुरू होगी।

इससे मुंबई, चेन्नई, लातूर, कोल्हापुर और कलबुरगी समेत प्रमुख शहरों के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा मिलेगी। सीएसएमटी मुंबई-चेन्नई साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 14 अक्टूबर से 18 नवंबर तक हर बुधवार चलेगी। यह मुंबई से रात 12.35 बजे रवाना होकर उसी दिन रात 11.30 बजे चेन्नई पहुंचेगी।

## अर्नब के तांडव से मचा हाहाकार

### 14 राज्यों में अलर्ट, यूपी में 13 की मौत, छत्तीसगढ़ में नदियां उफान पर, दिल्ली में बारिश से गिरा तापमान

● नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में बने मौसमी सिस्टम अर्नब चक्रवात के प्रभाव से उत्तर प्रदेश, बिहार समेत कई राज्यों में तेज बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश में करीब 48 घंटे से हो रही बारिश के दौरान अलग-अलग हादसों में 13 लोगों की मौत हुई है। 32 जिलों में बाढ़ का खतरा है, जबकि बिहार के 19 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर में लगातार पांच दिनों की बारिश से नदी-नाले उफान पर है और कई इलाकों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। बंगाल की खाड़ी में बना मौसमी सिस्टम अब दक्षिण छत्तीसगढ़ से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इसके चलते राजस्थान-मध्य प्रदेश समेत 14 राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ में अभी इसका सबसे ज्यादा कहर देखने को मिल रहा है। यूपी के कई शहरों में 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं।

**उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 27 सितंबर तक स्थगित**

# हुरड़ा में आंगनबाड़ी मिलन समारोह आयोजित



## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का प्रशस्ति पत्र व माल्यार्पण कर किया सम्मान

स्मार्ट हलचल

**आकोला** / विकसित भारत जन सेवा अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार के तत्वावधान में आंगनबाड़ी केंद्र हुरड़ा में आंगनबाड़ी मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं विभागीय कार्मिकों के साथ संवाद स्थापित कर आपसी समन्वय को मजबूत करना तथा जनसेवा से जुड़े कार्यों को अधिक प्रभावी बनाना रहा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रशासक सायरी देवी जाट रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में अशोक अजमेरा, पूर्व मंडल महामंत्री, भाजपा मंडल महिला मोर्चा प्रभारी रेखा अजमेरा, प्रधानाचार्य मंजू काबरा, प्रधानाध्यापक सत्येंद्र गर्ग, सुपरवाइजर रिंकू राठौड़ एवं कोऑर्डिनेटर पूनम सुखवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीडीपीओ शक्ति सिंह शेखावत ने की। समारोह में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों, महिलाओं एवं परिवारों के लिए संचालित विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी साझा की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने पोषण, प्रारंभिक बाल विकास, स्वास्थ्य, जनजागरूकता तथा विभागीय गतिविधियों से संबंधित कार्यों पर चर्चा की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को प्रधानमंत्री द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र प्रदान कर तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। सम्मान से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में छगन लाल मेघवंशी, सुमित्रा पारीक, अरुणा पारीक, हेमलता शर्मा, सावित्री व्यास, विष्णु वैष्णव, गीता जाट, मीना वैष्णव, आशा सोनी, पुष्पा भांबी, चंद्रकला टेलर, चंद्रकला रेगर, सुनीता टेलर, देऊ खाती, सुनीता रेगर, माया वैष्णव, माया टेलर, मीरा वैष्णव, संपत माली, सीता तेली सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं विभागीय कार्मिक मौजूद रहे।

# गणपति बप्पा मोरया के जयकारे के साथ वार्ड वासियों गणेश जी की प्रतिमा का भव्य विसर्जन किया



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)-** । शाहपुरा-शाहपुरा के खटीक मोहल्ला के वार्ड वासियों ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर स्थापित की गई गणेश जी की प्रतिमा का शुक्रवार को विधिवत विसर्जन किया गया।इस अवसर पर वार्ड वासियो ने गणेश जी को भोग लगाकर तथा महाआरती के बाद गणेश जी की प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में वार्ड वासी व धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।श्रद्धालु गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाते हुए कुंडगेट,त्रिमूर्ति चौराया,श्री राम टॉकीज होते हुए पिवनिया तालाब पहुचे जहा विधि-विधान के साथ गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।अर्जुन सामरिया ने बताया कि गणेश चतुर्थी के दिन गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी।विसर्जन कार्यक्रम के पश्चात बच्चो एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्जुन सामरिया,राजेन्द्र चन्देरिया, दक्ष चन्देरिया, महिमा खटीक, गरिमा खटीक व मोहल्ले के वार्डवासी उपस्थित रहे।आयोजन के दौरान श्रद्धा व उत्साह का माहौल बना रहा।

# जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में चार फाइनल में विजेता टीमों ने मारी बाजी 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, अधिकारियों ने किया निरीक्षण



स्मार्ट हलचल

**अरवड़ - नईअरवड़** स्थित राजकीयउच्च मध्यमिक विद्यालय में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 17/19 वर्ष छात्र कबड्डी खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को चार फाइनल मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में जिलेभर की ब्लॉक विजेता एवं चयनित 24 टीमों के करीब 280 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता 24 से 27 सितंबर तक आयोजित की जा रही है। आयोजक विद्यालय के शारीरिक शिक्षक केसर सिंह चौहान ने बताया कि शनिवार को 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग में ए व बी वर्ग के चार फाइनल मुकाबले खेले गए। 19 वर्ष ए वर्ग में आरजिया और ढिकोला के बीच हुए फाइनल मुकाबले में ढिकोला की टीम विजेता रही। वहीं 19 वर्ष बी वर्ग में शाहपुरा-बनेड़ा ब्लॉक और आसींद-करेड़ा-हुरड़ा ब्लॉक की टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें शाहपुरा-बनेड़ा की टीम ने जीत दर्ज की। इसी प्रकार 17 वर्ष ए वर्ग में ककरोलिया घाटी और थलकला के बीच हुए फाइनल मुकाबले में ककरोलिया घाटी की टीम विजेता रही। 17 वर्ष बी वर्ग में जहाजपुर-कोटड़ी और मांडल-सुवाणा के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें जहाजपुर-कोटड़ी की टीम ने बाजी मारी। चारों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। अधिकारियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों का शुभारंभ शनिवार को शारीरिक जिला शिक्षा अधिकारी दशरथ पुरी एवं कादिसहना विद्यालय के प्रधानाचार्य धारा सिंह मीणा ने खेल मैदान में खिलाड़ियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर कराया। दशरथ पुरी ने खिलाड़ियों को अनुशासन, खेल भावना, निष्पक्षता एवं प्रतियोगिता के नियमों की पालना करते हुए पूरे उत्साह के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले की शुरुआत करवाई।

# विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नवाचार एवं वैज्ञानिक मॉडल

स्मार्ट हलचल

**आकोला** / राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बरूंदनी में RSCERT के निर्देशानुसार एक दिवसीय विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बाबूलाल बेरवा एवं विज्ञान सलाहकार समिति के सदस्य गोविन्द कुमार ने किया। विज्ञान मेले में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विज्ञान आधारित मॉडल एवं चार्ट प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों द्वारा कुल 16 मॉडल एवं चार्ट तैयार किए गए, जिनमें पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, मानव मस्तिष्क, भूकंप से सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, आधुनिक सिंचाई सहित




विभिन्न वैज्ञानिक विषयों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों ने अपने-अपने मॉडलों की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता की जानकारी अतिथियों एवं शिक्षकों को दी। इस दौरान विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, जिज्ञासा एवं नवाचार की भावना देखने को मिली। मॉडल प्रतियोगिता में यशवंत अहीर ने प्रथम, सागर तेली ने द्वितीय तथा शिव कुमार तेली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं चार्ट प्रतियोगिता में देवराज पारीक प्रथम तथा नानकृष्ण प्रजापत द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नवाचार एवं समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बाबूलाल बेरवा के उद्बोधन के साथ विज्ञान मेले का समापन हुआ। इस अवसर पर अध्यापक मुनेश मीना, ओमप्रकाश ,स्वयं जोशी, अंकुर बंजारा , राजेंद्र कुमार गुर्जर, विज्ञान मेला प्रभारी हेमराज वर्मा ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### पोटलां में अनंत चतुर्दशी पर उमड़ा जनसैलाब

# भजनों की ताल और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारों के बीच बड़े तालाब में हुआ गणेश विसर्जन...

स्मार्ट हलचल

**पोटलां।** कस्बे में दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर अत्यंत भक्तिमय, हर्षोल्लास और भव्यता के साथ हुआ। विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की विदाई के इस पावन अवसर पर समूचा पोटलां क्षेत्र आस्था के रंगों में सराबोर नजर आया। कस्बे एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं के अपार जनसैलाब ने रिद्धि-सिद्धि के दाता को भावभीनी विदाई दी। गणेशोत्सव के समापन पर पोटलां कस्बे के एक दर्जन से अधिक सार्वजनिक पूजा पांडालों तथा सैकड़ों घरों में श्रद्धापूर्वक विराजित की गई गणपति प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए गाजे-बाजे के साथ एकत्र किया गया। दोपहर में शुरू हुई भव्य शोभायात्रा



कस्बे के मुख्य मार्गों से होती हुई आगे बढ़ी। शोभायात्रा के दौरान पूरा मार्ग गुलाल के अबीर-गुलाल और पुष्पवर्षा से महक उठा। मार्ग में जगह-जगह ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने भगवान गणेश की अगवानी की, पूजा-अर्चना की और आरती उतारकर आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध भजन गायकों की संगीतमय प्रस्तुतियां रहीं। शोभायात्रा के दौरान भजन गायक अर्जुन राणा, हेमलता वैष्णव और सिद्धु जांगिड़ ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों के सुमधुर भजनों की तान पर युवा, महिलाएं और बुजुर्ग खुद को थिरकने से नहीं रोक सके। पूरा शोभायात्रा मार्ग 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान रहा। शोभायात्रा की शुरुआत गणेश जी मंदिर रावला चौक से हुई जो बाजार, मंशापूर्ण बालाजी मंदिर, राजस्थान ग्रामीण बैंक, बस स्टैंड, आईसीआईसीआई बैंक, सत्यनारायण भगवान मंदिर, खटिक मौहल्ला, भदेसर भैरूजी मंदिर, जीनगर चौक, सदर बाजार, दूरभाष केन्द्र, पुराना अस्पताल, सहकारी डेरी होते हुए शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए शाम को बड़े तालाब पहुंची। शाम ठीक 6:30 बजे तालाब परिसर में सभी गणेश प्रतिमाओं को एक साथ रखकर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ आरती गाकर क्षेत्र में खुशहाली और समृद्धि की कामना की। आरती के पश्चात पूरे विधि-विधान, मंत्रोच्चार और धार्मिक परंपराओं के साथ सभी गणपति प्रतिमाओं का बड़े तालाब में जल-विसर्जन किया गया। विसर्जन संपन्न होने के बाद आयोजकों द्वारा सभी भक्तों में महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान स्थानीय प्रशासन, पुलिस बल और ग्रामीण युवाओं की टोलियां व्यवस्थाएं संभालने में मुस्तैद रहीं।

# कानपुर में टैंकर से टकराई तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर, पेट्रोल पंप मालिक कत्था कारोबारी की मौत

स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** आज यहां शनिवार सुबह तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर के बेकाबू होकर गैस सिलेंडर लदे टैंकर से टकराने के फल स्वरुप कई पेट्रोल पंपों के मालिक और बड़े कत्था व्यापारी की दर्दनाक मौत हो गई। महाराजपुर थाना क्षेत्र के महोली मोडचंद्रिका ढाबा के पास हुई यह टक्कर इतनी भीषण थी कि फॉर्च्यूनर का अगला हिस्सा पूरी तरह से खत्म हो गया। हादसे के बाद कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों



की मदद से कारोबारी को फॉर्च्यूनर बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने कारोबारी के घरवालों को सूचना दी गई। फिर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह हादसा आज शनिवार सुबह करीब 10:30 बजे महाराजपुर थाना क्षेत्र में हुआ। मृतक की पहचान पवन अग्रवाल (60) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों और पुलिस ने मिलकर कारोबारी को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले पवन अग्रवाल चौडगरा की कत्था फैक्ट्री है। साथ ही वह हिंदुस्तान पेट्रोल पंप के भी मालिक थे। उनके परिवार में पत्नी, 2 बेटे और एक बेटी हैं। पुलिस के मुताबिक, पवन अग्रवाल फॉर्च्यूनर से अपनी कत्था फैक्ट्री जा रहे थे। जैसे ही वहांतेज रफ्तार से फॉर्च्यूनर चलाते हुए महोली मोड़ के चंद्रिका ढाबा के पास पहुंचे तभी अचानक उनकी फॉर्च्यूनर बेकाबू हो गई । वह डिवाइडर तोड़ते हुए दूसरी लेन में चली गई। तभी प्रयागराज से मथुरा की ओर जा रहा इंडेन गैस का टैंकर सामने आ गया। उसे राजू नाम का युवक चला रहा था। उसने ब्रेक लगाकर टैंकर रोकने की कोशिश की, लेकिन फॉर्च्यूनर की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि वह टैंकर से बच नहीं पाई। घटना के बाद उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# जयपुर फैमिली कोर्ट भवन में देरी पर हाईकोर्ट CJ सख्त

### बोले—निर्माण में रुकावट बर्दाश्त नहीं, जल्द करेंगे निरीक्षण

**जयपुर/ भीलवाडा (महेन्द्र नागौरी)** राजस्थान हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार अग्रवाल ने जयपुर पारिवारिक न्यायालय के निर्माण में हो रही देरी पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में किसी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि देरी का सीधा असर पक्षकारों पर पड़ता है और उन्हें न्यायालय में बेहतर एवं सुविधाजनक वातावरण मिलना चाहिए। पारिवारिक न्यायालय के संयोजक पूनम चंद भंडारी, अध्यक्ष डी.एस. शेखावत और महासचिव पंकज अरोड़ा ने शिष्टाचार भेंट कर मुख्य न्यायाधीश का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि भवन का अधिकांश काम पूरा हो चुका है, लेकिन ग्राउंड फ्लोर का ठेकेदार काम नहीं कर रहा, जबकि ऊपरी मंजिलों पर काम जारी है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने तत्काल आवश्यक निर्देश देने की बात कही। उन्होंने पारिवारिक न्यायालय की कार्यप्रणाली की जानकारी लेते हुए शीघ्र निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करने का आश्वासन दिया। साथ ही अधिवक्ताओं से न्यायिक अधिकारियों के साथ समन्वय कर मुकदमों के शीघ्र निस्तारण में सहयोग करने की अपील की।

### नगर निगम महापौर, उप महापौर व आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

# वार्डों की सफाई छोड़ गेराज में आराम फरमा रहे थे टिपर, औचक निरीक्षण में खुली निगम की व्यवस्था

**महापौर-अफसरों ने सुपरवाइजर को लगाई फटकार, वाहन तुरंत वार्डों में भेजने के निर्देश**

**शहर की सफाई व्यवस्था, आंतरिक संसाधनों के संचालन और विकास कार्यों का लिया जायजा**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम के दावों की शुक्रवार को उस समय जमीनी हकीकत सामने आ गई, जब औचक निरीक्षण में सफाई के लिए वार्डों में दौड़ने वाले कई ऑटो टिपर निर्धारित समय बीतने के बाद भी गेराज में खड़े मिले। आजाद चौक में सफाई व्यवस्था में भी कमियां सामने आईं। महापौर जसवंत कंवर, उप महापौर राधेश्याम सोमानी और आयुक्त कमल सिंह यादव



ने मौके पर नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों को व्यवस्थाएं तत्काल सुधारने और वाहनों को वार्डों में भेजने के निर्देश दिए। शहर की सफाई व्यवस्था और निगम के आंतरिक संसाधनों की जमीनी हकीकत देखने के लिए नगर निगम के शीर्ष अधिकारियों ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत गेराज शाखा से हुई। इसके बाद अधिकारियों ने मियाचंदजी की बावड़ी के पास स्थित नाले का निरीक्षण किया। क्षेत्र में यातायात और आवागमन को सुगम बनाने के लिए सड़क चौड़ीकरण की जरूरत को देखते हुए नाले को शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। आजाद चौक क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने पर भी कई कमियां सामने आईं। अधिकारियों ने संबंधित सफाई टीम को व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार करने तथा शहर में बेहतर स्वच्छता बनाए रखने की हिदायत दी। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सर्किट हाउस के पास नया सार्वजनिक शौचालय बनाने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर विकसित किया जाए। इधर, 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर नगर निगम परिसर में कार्यक्रम हुआ। महापौर, उप महापौर और आयुक्त ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वच्छता का संदेश दिया।

# नेत्रदान के पुनीत कार्य हेतु लियो क्लब सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** लियो अध्यक्ष प्रियांश जैन ने बताया कि लियो क्लब द्वारा गत वर्ष एक नेत्रदान संपन्न करवाया गया था एवं समाज में नेत्रदान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु निरंतर अभियान चलाए गए। इस पुनीत कार्य और सेवा भाव को देखते हुए शांति कल्याण चातुर्मास के पावन अवसर पर रामस्नेही संस्थान (रामस्नेही चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, भीलवाड़ा) द्वारा आयोजित सम्मान



समारोह में लियो क्लब को स्मृति चिह्न भेंट कर आत्मीय सम्मान से नवाज़ा गया। समारोह के दौरान लियो अध्यक्ष प्रियांश सांखला (जैन), अभिषेक मित्तल आदि उपस्थित रहे। इस नेत्रदान में राकेश जी पगारिया एवं लायंस अध्यक्ष एडवोकेट ललित जी सांखला का विशेष सहयोग रहा।

# रूपपुरा में तेजाजी महाराज का एक दिवसीय मेला, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ गूंजे तेजाजी महाराज के जयकारे, अलगोजा वादन ने बांधा समां



स्मार्ट हलचल

**अरवड़ - निकटवर्ती** रूपपुरा गांव में शनिवार को पूर्णिमा के अवसर पर तेजाजी महाराज के स्थान परएक दिवसीय मेला श्रद्धा और उल्लास के साथ भरा। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सुबह सेही तेजाजी महाराज के स्थान पर श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने तेजाजी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना कर धूप, अगरबत्ती, नारियल वप्रसाद चढ़ाया तथा परिवार की सुखशांति और खुशहाली की कामना की। मेले के उपलक्ष्य में तीन दिन तक रात्रि में तेजाजी महाराज के खेल काआयोजन हुआ। इसमें श्रद्धालुओं ने देर रात तक भाग लेकरआयोजन का आनंद लिया। मेले में अलगोजा कलाकारों ने अलगोजा वादन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वहीं मिठाई चाट-पकौड़ी, खिलौने सहितविभिन्न प्रकार की दुकानेसजाई गईं। चाट-पकौड़ी व मिठाई कीदुकानों पर लोगोंकी खासीभीड़ रही। महिलाओं ने घेरलू उपयोग की वस्तुओं की खरीदारी की, जबकि खिलौनों की दुकानों पर बच्चों का जमावड़ा लगा रहा। श्रद्धालुओं ने खरीदारी के साथ परिवार सहित मेले काआनंद लिया।

# रसीद काटकर भूली पंचायत, 4 साल से पट्टा के लिए दर-दर भटक रही कैलाशपुरी की चंदा देवी सुवालका

स्मार्ट हलचल

**गुरला:-ग्राम** पंचायत गुरला, पंचायत समिति सुवाणा, जिला भीलवाड़ा की ग्राम पंचायत गुरला की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। कैलाशपुरी निवासी चंदा देवी पत्नी प्रभु लाल सुवालका ने अपने आवासीय पट्टे के लिए दिनांक 17 अक्टूबर 2022 को रसीद संख्या 87 से 120 रुपये (आवेदन शुल्क 20 + नक्शा शुल्क 50 नजरी नक्शा 50 जमा कराए थे।



रसीद पर तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव के हस्ताक्षर मौजूद हैं।पीड़िता का आरोप है कि रसीद कटने के बाद से आज तक, लगभग 4 वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्राम पंचायत गुरला द्वारा उन्हें पट्टा जारी नहीं किया गया। इस दौरान वे दर्जनों बार पंचायत कार्यालय के चक्कर काट चुकी हैं, हर बार उन्हें केवल आश्वासन देकर लौटा दिया जाता है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने 'प्रशासन गांवों के संग' शिविर में भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में कई अन्य पात्र लोगों के पट्टे के मामले भी वर्षों से लंबित हैं। पीड़िता ने जिला कलेक्टर भीलवाड़ा और विकास अधिकारी सुवाणा से मांग की है कि उनकी पत्रावली की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और उन्हें शीघ्र पट्टा दिलाया जाए।

# माहेश्वरी छात्रावास को मिली नई ऊंचाई



### द्वितीय तल का भव्य लोकार्पण, 40 मेधावी बालकों को मुफ्त आवास-भोजन और परिवहन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** शिक्षा और समाजसेवा की दिशा में माहेश्वरी समाज ने एक और बड़ी मिसाल कायम की। बालक छात्रावास के द्वितीय तल का भव्य लोकार्पण सेठ श्रीगोपाल राठी एवं सहयोगियों ने फीता काटकर किया। छात्रावास में 40 बालकों को पूर्णतः निःशुल्क आवास, भोजन और परिवहन की सुविधा मिल रही है। वर्ष 2017 से संचालित यह संस्थान छात्रहित को समर्पित है। संस्थापक मंत्री रामकुमार जागेटिया ने संस्थापक सदस्यों के योगदान को याद करते हुए अध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री के नेतृत्व में जारी सेवा कार्यों की सराहना की। समारोह में समाज के गणमान्य नागरिकों, पदाधिकारियों और युवाओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।

## राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय थला टीम फाइनल में पहुंची



स्मार्ट हलचल

**रायपुर** / राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोखुंदा में चल रही जिला स्तरीय 17 19 वर्षीय बालिका प्रतियोगिता में 17 वर्षीय खो खो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में राउमावि थला पहुंची फ इनल में टीम प्रभारी वर्षा धोबी ने टीम का उत्साह वर्धन किया इसी के साथ ही टीम के साथ देवनारायण खटीक सुदर्शन शर्मा घीसा लालकुमावत स्थानीय नागरिक मौजूद रहे

# 70 वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का समापन, छह छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** बाल मन्दिर नर्सरी एवं बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, ब्यावर में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का समापन समारोह शनिवार को हर्षोल्लास एवं खेल भावना के साथ हुआ। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि जुगल किशोर मनिहार रहे। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष गिरिराज झंवर, सचिव विजय झंवर, समिति सदस्य अशोक टावरी, प्रधानाचार्या अजय रानी माहेश्वरी एवं प्रतियोगिता संयोजक ललित कुमार मौजूद रहे। प्रतियोगिता में कुल 33 टीमों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 38 स्वर्ण, 36 रजत एवं 22 कांस्य पदक हासिल किए। मुख्य अतिथि जुगल किशोर मनिहार ने



खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि कराटे जैसे खेल विद्यार्थियों में आत्मरक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास, साहस एवं एकाग्रता का विकास करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समिति अध्यक्ष गिरिराज झंवर एवं सचिव विजय झंवर ने खिलाड़ियों की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्या अजय रानी माहेश्वरी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन समिति का आभार जताया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय की नेहा जेसवानी, केवंशी कुमावत, कीर्ति जांगिड़, जीविका सैनी, एकता कुमावत एवं विनिशा का राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। छह छात्राओं के राज्य स्तर पर चयन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता संयोजक ललित कुमार एवं विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका स्वाती सांखला के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम के संचालन में विद्यालय प्रभारी लता जैथलिया, शबनम यादव, ऋषिराज सारस्वत, रूपेश अग्रवाल सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। समापन समारोह में खिलाड़ियों को अनुशासन, खेल भावना एवं निरंतर मेहनत के साथ लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने का संदेश दिया गया।

## टेबल टेनिस में न्यू लुक ओर संगम चैंपियन



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । 70वी जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्राथमिक उच्च प्राथमिक 14 वर्ष छात्र छात्रा जिला स्तरीय प्रतियोगिता कल विज़ी इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में नगर निगम स्थित टेबल टेनिस हॉल में सम्पन हुई । खिलाड़ियों के कोच गोपाल माली ने बताया कि 14 वर्ष बालक वर्ग में संगम स्कूल ने फाइनल में इटूनंदा को 3-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया टीम के खिलाड़ी कप्तान विध्यांश पाटनी रियान सोमानी सारांश अग्रवाल विवान गादिया सोहम चौधरी का प्रदर्शन शानदार रहा । बालिका वर्ग में न्यू लुक स्कूल ने संघर्षपूर्ण मुकाबले में संगम स्कूल को 3-2 से हराया टीम कि खिलाड़ी लव्या खोईवाल गौरांगी शर्मा ओर सांची का प्रदर्शन शानदार रहा । बालक वर्ग के व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में संगम के विध्यांश पाटनी ने फाइनल में सेंट्रल अकैडमी के भव्य चौधरी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर सत्र 2026-27 के भीलवाड़ा चैम्पियन बनने का गौरव प्राप्त किया वही कास्य पदक पांसल स्कूल के यशवर्धन सेन ने बामनिया स्कूल के सूरज को 3-0 से हराकर प्राप्त किया । बालिका वर्ग के व्यक्तिगत स्पर्धा के फाइनल मुकाबले में न्यू लुक स्कूल की लव्या खोईवाल ने काशीपुरी स्कूल कि शिवानी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया वही कास्य पदक संगम स्कूल कि विहाना छाबड़ा ने करियाला स्कूल कि अनिता को 3-0 से हराकर प्राप्त किया ।

# शिक्षण कार्य में टीएलएम का हो अधिक से अधिक उपयोग-शर्मा

### विज्ञान गणित कौशल मेला में विद्यार्थियों ने दिखाया अपना दमखम

स्मार्ट हलचल

**काछोला 27 सितम्बर** - क्षेत्र के धामनिया पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 21वीं सदी की कौशल आधारित गतिविधियों के अंतर्गत विज्ञान एवं गणित विषय का मेला एवं प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रधानाचार्य हीरा लाल शर्मा ने फीता काटकर किया। प्रधानाचार्य शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण के दौरान सहायक शिक्षण सामग्री के माध्यम से शिक्षण में उपयोग हो, जिससे विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि एवं आनंद पैदा हो तथा टीएलएम के माध्यम से शिक्षण कार्य में ध्यान लग सके। विज्ञान वर्ग में प्रदर्शनी में होनहार बालकों बालिकाओं ने मिशाइल व उत्सर्जन तंत्र का मॉडल बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 10 वीं की छात्र ने हार्ड वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं के छात्र प्रदूषण से



संबंधित कारखाने का मॉडल बनाया व उनकी टीम ने बेलन एवं शंकु का मॉडल बनाया। कक्षा 9वीं ने वर्गमूल का मॉडल बनाया। इस अवसर पर गणित शिक्षक लोकेश मीणा ने बताया कि वर्षभर विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाए गए, जिनका प्रदर्शन किया गया। इन मॉडलों के माध्यम से विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष में भी अध्ययन करवाया जाता है। विज्ञान शिक्षक बरखा मीणा ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों के अतिरिक्त कुछ मॉडल बाहर से भी खरीदे गए हैं। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों को कक्षा-कक्ष में बताकर रोचक तरीके से शिक्षण कार्य करवाया जाता है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हीरा लाल शर्मा,जगदीश मंत्री, प्रकाश चतुर्वेदी, नंद लाल प्रजापत,देवी लाल गुर्जर, लोकेश मीणा,बरखा मीणा, राजकुमार चौधरी,मोहम्मद शाबीर रंगरेज सहित आदि मौजूद रहे।

# कोली मोहल्ले में लगातार चोरी की वारदातों से आक्रोश, कोली समाज ने पुलिस प्रशासन को दिया ज्ञापन

### चोरों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो बड़े आंदोलन की चेतावनी, बीट प्रभारी को हटाने और विशेष टीम गठित करने की मांग...

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** कोली मोहल्ला एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही चोरी की वारदातों को लेकर कोली समाज में आक्रोश है। चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए कोली समाज विकास ट्रस्ट के नेतृत्व में समाजजनों ने जिला पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अज्ञात चोरों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। कोली समाज विकास ट्रस्ट के सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि हाल ही में लीला शंकर लाल गड़ोरिया के मकान से करीब 30 हजार रुपये नकद एवं चांदी की पायजेब की एक जोड़ी, दुर्गा पत्नी सम्पत गैंडावध के घर से सोने की चेन, पुराने चांदी के सिक्के एवं विदेशी मुद्रा के सिक्के, जबकि हरीश चंद्र कोली के घर से कीमती दस्तावेज चोरी होने की घटना सामने आई है। लोरवाडिया ने बताया कि करीब एक माह पूर्व भी कोली समाज विकास ट्रस्ट की ओर से अज्ञात चोरों के क्षेत्र में आने को लेकर भीमगंज थाना पुलिस को



शिकायत दी गई थी, लेकिन समाज के अनुसार मामले में अपेक्षित जांच एवं कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद पुनः चोरी की घटना सामने आने से क्षेत्रवासियों में रोष है। समाज ने मांग की कि मामले की गंभीरता को देखते हुए लापरवाही बरतने वाले बीट प्रभारी को तत्काल हटाया जाए तथा अज्ञात चोरों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की जाए। साथ ही क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर संदिग्धों की पहचान करने तथा मोबाइल लोकेशन/तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाने की मांग की गई। ज्ञापन में चेतावनी दी गई कि यदि चोरी की घटनाओं पर शीघ्र प्रभावी कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो कोली समाज की ओर से बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। ज्ञापन एवं विरोध प्रदर्शन के दौरान पार्षद प्रत्याशी अंजना कोली, जानकी, झलकारी बाई महिला मंडल की सदस्य अंतिमा, राजेश्वरी, पूजा, सुनीता, बबिता, मैना, कमला, पार्वती, रेनू, उर्मिला, नंदू, टोना, छोटी, ईश्वर, पवन, मोहनलाल, सोहनलाल तलाया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## गंगापुर के माणकनगर में जिला स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन



स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** / 70 वीं जिल स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता (14 वर्षीय छात्र छात्रा) के समापन समारोह माणक रा0उ0प्रा0वि0 माणकनगर में हुआ । आयोजक विद्यालय के प्रधानाध्यापक शंकर लाल रेगर ने बताया कि समापन समारोह में मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार त्रिवेदी विधायक प्रत्याशी रहें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता भवानी शंकर भट्ट पीईईओ डेलाना ने की ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सोहन लाल चौधरी,चेतन प्रकाश डीडवानिया, शंकर लाल जाट, रणदीप त्रिवेदी, मोहन तिवाड़ी, लखन कांकाणी, देवी लाल गाडरी, रतन लाल गुर्जर, राजमल शर्मा, शमशुद्दीन रंगरेज, मुकेश चन्देल, पुष्पेंद्र सिंह चौहान,रूपनारायण गुर्जर, कैलाश चौहान, लखन राव, रतन शर्मा, प्रशासक डेलाना धर्मचंद भील थे भामाशाह के रूप में पदम मेहता, कैलाश चंद्र कचौलिया, राकेश शर्मा, सुरेश चौधरी, बच्चा बंजारा,लखन ईट उद्योग, महावीर ईट उद्योग, प्रभु लाल सुवालका, बहादुर बंजारा,प्रकाश बंजारा,आदि का अतिथियों द्वारा भामाशाह के रूप में मोमेंटो देकर आभार व्यक्त किया गया। इस बीच शिक्षा विभाग से विभाग प्रतिनिधि के रूप में नवरत्न सेन ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन किया जिसमें बताया कि इस प्रतियोगिता में 53 छात्राएं एवं 108 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान समाज सेवी महावीर शर्मा, राहुल शर्मा, गणपत शर्मा,दीपक बंजारा, प्रकाश रेगर, उदयराम गाडरी,वकील बंजारा, चेतन सेन, हिमांशु प्रजापत, ललित बंजारा, कैलाश प्रजापत,पवन शर्मा, जितेंद्र बंजारा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। माणक नगर, माल का खेड़ा, हेमा खेड़ा के ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।संचालन गोपाल सालवी एवं बहादुर बंजारा ने किया ।

## 5-दिवसीय बैंकिंग की मांग को लेकर 28 से 30 सितंबर तक बैंक हड़ताल

### भीलवाड़ा में 4,500 करोड़ का कारोबार प्रभावित होने की आशंका1

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** राष्ट्रीयकृत बैंकों में लंबे समय से लंबित 5-दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने और लाभप्रदता आधारित प्रोत्साहन योजना में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को समान लाभ देने की मांग को लेकर बैंक कर्मियों का आंदोलन निर्णायक दौर में पहुंच गया है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (UFBU) के अखिल भारतीय आह्वान पर 28, 29 और 30 सितंबर को तीन दिवसीय देशव्यापी बैंक हड़ताल आयोजित की जाएगी।1 हड़ताल के कारण भीलवाड़ा जिले की 130 से अधिक बैंक शाखाओं के 800 से ज्यादा अधिकारी एवं कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। इससे नकद लेन-देन, चेक क्लियरिंग और फंड ट्रांसफर जैसी गतिविधियां पूरी तरह ठप रहने की संभावना है। अनुमान के अनुसार, इन तीन दिनों में जिले में लगभग 4,500 करोड़ रुपये का बैंकिंग कारोबार प्रभावित हो सकता है। 5-डे बैंकिंग लागू हो: 12वें द्विपक्षीय समझौते में सहमति बनने के बावजूद इसे लागू नहीं किए जाने से कर्मचारियों में रोष है।1

अन्य संस्थानों की तर्ज पर व्यवस्था: केंद्र व राज्य सरकार के कार्यालयों, रिझर्व, RBI, नाबार्ड और सेबी में पहले से 5-दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है, फिर बैंकों में इसे लागू करने में देरी समझ से परे है।1

समान प्रोत्साहन: लाभप्रदता आधारित प्रोत्साहन योजना में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समानता का व्यवहार किया जाए।1

तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन का कार्यक्रम (प्रातः 10:30 बजे से)1

28 सितंबर (सोमवार): पंजाब नेशनल बैंक, पुर रोड शाखा (हीरा पन्ना मार्केट)1

29 सितंबर (मंगलवार): बैंक ऑफ बड़ौदा, मुख्य शाखा (शास्त्री नगर पुलिस चौकी के सामने)1

30 सितंबर (बुधवार): स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा (बसंत विहार)1

UFBU के स्थानीय सचिव अशोक कुमार बिड़ला ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार और IBA ने मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।1

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर फार्मासिस्टों की भूमिका और समस्याओं पर की चर्चा

# दवा और मरीज के बीच सबसे अहम कड़ी है, फार्मासिस्ट : डॉ. अशोक खटवानी

### आईएमए हॉल में मनाया विश्व फार्मासिस्ट दिवस समारोह, दवा सुरक्षा, पदोन्नति और कार्यस्थल की समस्याओं पर भी उठी आवाज...

### भारतीय फार्मेसी की नींव रखने वाले एमएल श्रॉफ को याद किया, गीत में छलका फार्मासिस्टों का दर्द

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** । मरीज और सही दवा के बीच फार्मासिस्ट की भूमिका को रेखांकित करते हुए राजस्थान फार्मासिस्ट कर्मचारी संघ (एकीकृत) की ओर से विश्व फार्मासिस्ट दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। आईएमए हॉल में आयोजित समारोह में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों, फार्मासिस्टों और स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि जिला औषधि वितरण प्रभारी डॉ. अशोक खटवानी ने कहा कि




फार्मासिस्ट स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं। मरीज तक सही दवा पहुंचाने के साथ उसके सुरक्षित और उचित उपयोग की जानकारी देने में फार्मासिस्ट की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि सटीक दवा वितरण और सही परामर्श के बिना बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की कल्पना नहीं की जा सकती। विशिष्ट अतिथि ड्रग कंट्रोलर मनीष कुमार ने दवा सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि फार्मासिस्टों की सजगता गुणवत्तापूर्ण औषधियों की उपलब्धता और उनके सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी फार्मासिस्ट अपनी सेवाएं देकर चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखते हैं। जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम चावला ने भारतीय फार्मेसी के जनक प्रोफेसर एम.एल. श्रॉफ के योगदान और संघर्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रोफेसर श्रॉफ ने भारत में फार्मेसी शिक्षा और इस पेशे की मजबूत आधारशिला स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह का एक भावुक पक्ष तब सामने आया, जब जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम चावला ने फार्मासिस्टों की मौजूदा समस्याओं, पदोन्नति की मांग और कार्यस्थल से जुड़ी परेशानियों को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया। गीत के जरिए सामने आई फार्मासिस्टों की पीड़ा ने सभागार में मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। समारोह में शंभूलाल, ईश्वरराम चौधरी, जगदीश चंदेल, सागर भोमू, वंदना चुंडावत, सुमन सोनी, कप्तान सिंह, दीप्ति, मीनाक्षी, बरखा सोनी, विकास, प्रदीप, कल्पना, सोनिया, ज्योति शर्मा, ज्योति कुमावत और सीमा सहित बड़ी संख्या में फार्मासिस्ट व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। अंत में सभी ने समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

## आचार्य रामदयाल के अवतरण दिवस पर उमड़ा आस्था का सैलाब

### रामस्नेही चिकित्सालय के अत्याधुनिक उपकरणों के लिए 21 करोड़ की घोषणा, 810 मरीजों को मिला निःशुल्क परामर्श

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा( महेन्द्र नागौरी)** माणिक्यनगर रामद्वारा में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के पीठाधीश्वर जगतगुरु आचार्य स्वामी श्री रामदयालजी महाराज के 71वें अवतरण दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का सैलाब उमड़ पड़ा। देशभर से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। भजनों और पुष्पवर्षा के बीच आचार्यश्री को व्यासपीठ तक लाया गया। आशीर्वचन में उन्होंने कहा कि जन्मदिवस



जीवन का एक वर्ष घटने पर आत्मचिंतन का अवसर है। राष्ट्र, धर्म और राम के प्रति समर्पण के साथ 'जियो और जीने दो' की भावना जीवन में उतारनी चाहिए। आचार्यश्री ने रामस्नेही चिकित्सालय को 'सेवा का मंदिर' बताते हुए अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों एवं मशीनों के लिए 21 करोड़ रुपए उपलब्ध कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 25 वर्षों से चिकित्सालय मानव सेवा में जुटा है और हर पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लाना ही उद्देश्य है। सांसद दामोदर अग्रवाल और विधायक अशोक कोठारी ने आचार्यश्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए उनके सेवा और सामाजिक चेतना के कार्यों को प्रेरणादायी बताया। अवतरण दिवस पर रामस्नेही चिकित्सालय में 810 रोगियों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। शुक्रवार रात भजन संध्या में श्रद्धालु राम-गुरु की भक्ति में देर रात तक डूबे रहे।

**कल विराट संत सम्मेलन**

तीन दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन 27 सितंबर को सुबह 9 बजे रामद्वारा धाम में विराट संत सम्मेलन होगा। दोपहर 2 बजे वाणीजी के सामूहिक पाठ का शुभारंभ होगा, जबकि नियमित पाठ 28 सितंबर से शुरू होगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में MACT मामलों के निस्तारण पर रहेगा जोर

### अधिवक्ताओं की बैठक में सुलह-समझौते से प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर हुआ मंथन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** आगामी 10 अक्टूबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना दावा प्रकरणों (MACT) के अधिकाधिक निस्तारण को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर की ओर से शुक्रवार को अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिला न्यायाधीश संख्या-3 विजय प्रकाश सोनी, अपर जिला न्यायाधीश संख्या-2 गिरिजा



भारद्वाज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सोनल पारीख उपस्थित रहीं। बैठक में लंबित MACT प्रकरणों में पक्षकारों के बीच आपसी सहमति एवं सुलह-समझौते की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवक्ताओं से पक्षकारों को लोक अदालत के माध्यम से मामलों के शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण निस्तारण के लिए प्रेरित करने तथा बीमा कंपनियों एवं संबंधित पक्षकारों के साथ आवश्यक समन्वय स्थापित करने का आग्रह किया गया। इस दौरान Mediation 3.0 के तहत मध्यस्थता की भूमिका पर भी चर्चा हुई। अधिवक्ताओं को पक्षकारों को मध्यस्थता प्रक्रिया के लाभों से अवगत कराने और विवादों का आपसी सहमति से समाधान कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए बैठक में मुद्रित कपड़े की थैलियों का विमोचन भी किया गया। अधिवक्ताओं को थैलियां वितरित कर लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार में सहयोग का आग्रह किया गया। साथ ही इनके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक के कम उपयोग का संदेश भी दिया गया। बैठक में अधिवक्ता ललित सटाक, टीकम सिंह चौहान, मुकेश दवे, बालकिशन गोठवाल, लक्ष्मीकांत व्यास, धर्मेन्द्र शर्मा, संतोष अग्रवाल, महेन्द्र कुमावत, भरत शिवनानी, जय प्रकाश जांगिड़, सुनील चौहान, शक्ति सिंह चौहान, नोरत पुरी गोस्वामी, प्रकाश कुमावत सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिवक्ताओं एवं संबंधित पक्षकारों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों का सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारण कराने में सहयोग की अपील की।

# विश्व पर्यटन दिवस की पूर्व संध्या पर अनूठी पहल

## झीलों की नगरी के पर्यटन संसार से रूबरू हुए सरकारी स्कूल के होनहार

### विद्यार्थियों ने जाना होटल इंडस्ट्री का कामकाज, गेम जोन में खूब की मस्ती और समझे करियर के अवसर

स्मार्ट हलचल

**उदयपुर।** विश्व पर्यटन दिवस की पूर्व संध्या पर पर्यटन को नई पीढ़ी से जोड़ने और सरकारी विद्यालयों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग की दुनिया से परिचित कराने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की गई। सैंडीज ट्रेवल टेल्स और होटल राफेल्स के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गुपड़ी के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए भ्रमण का विशेष आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के लिए यह भ्रमण केवल मनोरंजन का अवसर नहीं रहा, बल्कि उन्हें पर्यटन और होटल उद्योग को करीब से समझने तथा भविष्य के करियर विकल्पों की जानकारी हासिल करने का भी अवसर मिला।

**होटल के विभिन्न प्रभागों को करीब से देखा**

यहां पहुंचने पर विद्यार्थियों का प्रबंधन की ओर से हेना किशोर, रविन्द्र धामी और रिपेंदर कंबोज द्वारा स्वागत किया गया और उन्हें होटल के विभिन्न प्रभागों का भ्रमण कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने होटल के संचालन, अतिथि सत्कार, प्रबंधन और विभिन्न सेवाओं की कार्यप्रणाली को करीब से देखा। होटल के



अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि एक बड़े होटल को संचालित करने के लिए किस तरह अलग-अलग विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करते हैं। विद्यार्थियों ने उत्सुकता के साथ होटल की व्यवस्थाओं को देखा और अधिकारियों से विभिन्न विषयों को लेकर सवाल भी किए। होटल के भव्य वातावरण और आधुनिक व्यवस्थाओं को देखकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह नजर आया।

**जानकारी के साथ मस्ती का भी रहा पूरा इंतजाम**

सैंडीज ट्रेवल टेल्स के संदीप राठौड़ ने बताया कि भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए यादगार बनाने के लिए उन्हें गेम जोन की सैर भी कराई गई। यहां पहुंचते ही विद्यार्थियों की खुशी देखते ही बनी। होटल प्रबंधन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी विद्यार्थियों के साथ विभिन्न खेलों और मनोरंजक गतिविधियों में हिस्सा लिया। देखते ही देखते औपचारिक माहौल एक खुशनुमा मिलन में बदल गया और विद्यार्थियों ने होटल अधिकारियों के साथ जमकर मस्ती की। गेम जोन में विद्यार्थियों के चेहरों पर नजर आई खुशी ने पूरे आयोजन को खास बना दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मनोरंजन के साथ टीम भावना, आपसी सहयोग और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का भी अनुभव किया।

**होटल इंडस्ट्री में रोजगार की संभावनाओं से कराया परिचित**

आयोजन का एक महत्वपूर्ण पहलू विद्यार्थियों को होटल एवं पर्यटन उद्योग में उपलब्ध करियर विकल्पों की जानकारी देना भी रहा। होटल प्रबंधन की ओर से हेना किशोर ने विद्यार्थियों को बताया कि पर्यटन के बढ़ते विस्तार के साथ होटल इंडस्ट्री में भी रोजगार के अनेक नए अवसर पैदा हो रहे हैं। होटल प्रबंधन, फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज, शेफ, इवेंट मैनेजमेंट सहित कई क्षेत्रों में युवा अपने भविष्य को दिशा दे सकते हैं। विद्यार्थियों को यह भी समझाया गया कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए शैक्षणिक योग्यता के साथ व्यवहार-कुशलता, संवाद कौशल, अनुशासन, टीमवर्क और अतिथि सत्कार की भावना महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**'लेक सिटी' की पहचान से विद्यार्थियों को जोड़ने की पहल**

होटल राफेल्स के रिपेंदर कंबोज ने कहा कि उदयपुर अपनी झीलों, प्राकृतिक सौंदर्य, ऐतिहासिक विरासत और पर्यटन स्थलों के कारण देश-दुनिया में विशेष पहचान रखता है। इसके साथ ही शहर की होटल एवं आतिथ्य इंडस्ट्री भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना चुकी है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सरकारी विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को उदयपुर की पर्यटन एवं होटल इंडस्ट्री की इस विशेष पहचान से रूबरू कराने के उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। विद्यार्थियों को यदि प्रारंभ से ही पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र की संभावनाओं से परिचित कराया जाए तो वे अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार भविष्य में इस क्षेत्र को भी करियर के रूप में चुन सकते हैं।

**अनुभव, सीख और मनोरंजन का बना यादगार दिन**

राउमावि गुपड़ी के प्रधानाचार्य कमल जोशी ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह दौरा एक ऐसा अनुभव रहा, जिसमें उन्हें एक ही दिन में सीखने, नए क्षेत्र को करीब से जानने और मनोरंजन का अवसर मिला। सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित होटल की कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिलने से उनके ज्ञान और अनुभव के दायरे का भी विस्तार हुआ। पुलिस मुख्यालय के अतिरिक्त निदेशक (प्रचार) डॉ कमलेश शर्मा ने कहा कि पर्यटन केवल पर्यटकों को आकर्षित करने का माध्यम नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल और रोजगार के नए अवसरों का बड़ा क्षेत्र भी है। विश्व पर्यटन दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित यह पहल विद्यार्थियों को 'पर्यटन को देखने' से आगे बढ़कर 'पर्यटन को समझने' का अवसर देने वाली रही। इस अवसर पर प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी, क्राफ्ट आर्टिस्ट नीलोफर मुनीर, विक्रम, जसमीत अरोड़ा, प्रीतेश कोठारी, विशेष, भौमिक सहित स्कूली विद्यार्थी मौजूद थे। इस मौके पह सभी विद्यार्थियों को होटल राफेल्स की ओर से गिफ्ट भी दिए गए। आभार सैंडीज ट्रेवल टेल्स के संदीप राठौड़ ने जताया।

## 10 अक्टूबर को राष्ट्रीय लोक अदालत, ज्यादा से ज्यादा प्रकरण निपटाने पर जोर

### सचिव रश्मि आर्या ने न्यायिक अधिकारियों की बैठक लेकर दिए जरूरी निर्देश

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** / आगामी 10 अक्टूबर 2026 को होने वाली वर्ष की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन के निर्देश पर प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्या ने शनिवार को जिले के न्यायिक अधिकारियों की ऑफलाइन एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक ली। बैठक में लंबित और राजीनामा योग्य प्रकरणों के अधिकतम निस्तारण को लेकर रणनीति बनाई गई। सचिव आर्या ने न्यायिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजीनामा योग्य मामलों को प्राथमिकता से चिन्हित कर पक्षकारों की प्री-काउंसलिंग कराई जाए और आपसी सहमति से मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं और पक्षकारों के बीच प्रभावी संवाद से अधिक से अधिक मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव है। लोक अदालत आमजन को त्वरित, सुलभ और कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है।



### सॉफ्टबाल में करमा का बाड़िया स्कूल का दबदबा

## 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग में छात्र-छात्राओं ने जिला स्तर पर हासिल की जीत



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** जिला स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिताओं में रा.उ.मा.वि. करमा का बाड़िया (बदनोर) के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रज्ञा इंटरनेशनल स्कूल, ब्यावर में आयोजित जिला स्तरीय 14 वर्षीय आयु वर्ग की सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र एवं छात्रा दोनों वर्गों की टीमों ने जीत दर्ज की। इसी सफलता को आगे बढ़ाते हुए रा.उ.मा.वि. मायला (मसूदा) में आयोजित 17 एवं 19 वर्षीय आयु वर्ग की जिला स्तरीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने दोनों वर्गों में जीत हासिल की। लगातार तीन आयु वर्गों में मिली सफलता से विद्यालय ने सॉफ्टबाल खेल में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। विद्यालय की इस उपलब्धि पर संस्था प्रधान नरेंद्र सिंह राव ने खेल प्रशिक्षक प्रेम प्रकाश प्रजापति, सभी विजेता खिलाड़ी छात्र-छात्राओं तथा टीम प्रभारी बिमला राय, विनोद धड़ांदिया, प्रकाश चंद्र एवं कविता गहलोत को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य की प्रतियोगिताओं में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के चतुर्भुज पुरोहित, गोविंद प्रसाद, लादू राम, श्याम लाल, प्रभु हठीला, रमेश चंद्र, शाहिद पठान, संतोष चौधरी, कृष्णा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हीरा देवी, आशा सहयोगिनी सहित गांव के प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

## ट्रक की टक्कर से सरकारी शिक्षक की दर्दनाक मौत, रोज कार से जाते थे स्कूल; बुधवार को बाइक से निकले थे

स्मार्ट हलचल

**पाटन/डाबला।** डाबला-नीमकाथाना मार्ग पर रामनगर के पास बुधवार दोपहर करीब 2 बजे हुए सड़क हादसे में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामपुरा के भौतिक विज्ञान व्याख्याता नरेश सैनी (37) की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार नरेश गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें नीमकाथाना जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। डाबला थानाधिकारी सुनीता बाएल के अनुसार, छुट्टी के बाद नरेश बाइक से घर लौट रहे थे। रामनगर के पास ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शिक्षक को अस्पताल पहुंचाया। साथी शिक्षक पंकज मीणा ने बताया कि नरेश रोजाना नीमकाथाना से पांच शिक्षकों के साथ कार से स्कूल आते-जाते थे। बुधवार को अन्य साथियों को काम होने के कारण कार से नहीं जाना था, जिसके चलते नरेश अकेले बाइक से स्कूल गए थे। स्कूल से लौटते समय यह हादसा हो गया। नरेश सैनी वर्ष 2015 में शिक्षक भर्ती में चयनित हुए थे। वर्ष 2017 में व्याख्याता पद पर पदोन्नति के बाद उनकी पहली पोस्टिंग बांसवाड़ा में हुई। वर्ष 2020 में डेपुटेशन पर वे श्यामपुरा स्कूल आए थे। नरेश के परिवार में पत्नी के अलावा 4 और 6 वर्ष की दो बेटियां तथा 2 वर्ष का एक बेटा है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक चालक के संबंध में जांच शुरू कर दी है।

## टीलाखेड़ा स्कूल के 5 विद्यार्थियों का राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

स्मार्ट हलचल

**उदयपुरः** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, टीलाखेड़ा की 2 छात्राओं और 3 छात्रों (कुल 5 खिलाड़ियों) का चयन 70वीं माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयी राज्य स्तरीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला स्तर पर आयोजित मुकाबले में टीलाखेड़ा की टीम ने मजावत व भोईयों की पचोली को हराकर शानदार प्रदर्शन किया और उपविजेता बनी, जिसके आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया।चयनित खिलाड़ियों का विवरण (19 वर्ष आयु वर्ग)1 छात्र वर्गः गजेंद्र सिंह देवड़ा (कक्षा 10), युवराज सिंह राजपूत (कक्षा 12) और रोनक भोई (कक्षा 12)।1

**छात्रा वर्गः प्रिया गमेती (कक्षा 12) और दिपीका गमेती (कक्षा 10)।1**

राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व1

**छात्र वर्ग** बाड़मेर जिले के चौहटन स्थित मदर टेरेसा उच्च माध्यमिक विद्यालय में राज्य स्तर पर उदयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।1

**छात्रा वर्ग** अलवर जिले के पिनान (रैणी) स्थित विद्या बाल भारती स्कूल में राज्य स्तर पर उदयपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।1

**श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं अभिनंदन1**

विद्यालय के खेल प्रभारी (शारीरिक शिक्षक) कमलेश शर्मा के निर्देशन में गत वर्ष भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। इस शानदार उपलब्धि पर संस्थाप्रधान संतोष कुमार व्यास व विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने चयनित खिलाड़ियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ब्यावर कांग्रेस में घमासानः प्रेसवार्ता के बाद थाने पहुंचे नेता, मारपीट के आरोप में दी शिकायत

## टिकट वितरण को लेकर आरोपों के बाद कांग्रेस कार्यालय में विवाद का मामला, जिला अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों पर लगाए आरोप







स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** नगर परिषद चुनाव के बाद ब्यावर कांग्रेस में सामने आए अंदरूनी विवाद ने अब पुलिस कार्रवाई का रूप ले लिया है। कांग्रेस नेता धनंजय गौड़ के नेतृत्व में मनीष व्यास, चेतन चौहान और अशोक मूंदड़ा ने प्रेसवार्ता कर जिला कांग्रेस अध्यक्ष किशोर चौधरी, आशीष पाल पदावत और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय शर्मा पर विभिन्न आरोप लगाए। प्रेसवार्ता के बाद नेता पुलिस थाने पहुंचे और कांग्रेस कार्यालय में कथित मारपीट को लेकर शिकायत प्रस्तुत की। प्रेसवार्ता में नेताओं ने नगर परिषद चुनाव के दौरान टिकट वितरण में कथित अनियमितता, पक्षपात और लेनदेन के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि कई वार्डों में पार्टी के पुराने और जमीनी कार्यकर्ताओं की अनदेखी की गई। कुछ प्रत्याशियों के भाजपा अथवा आरएसएस से जुड़े होने के आरोप भी लगाए गए। नेताओं ने प्रदेश नेतृत्व से पूरे मामले की जांच की मांग की। इसके बाद कांग्रेस कार्यालय में हुए विवाद और कथित मारपीट के मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी गई। शिकायत में संबंधित पदाधिकारियों पर आरोप लगाते हुए मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की गई। शिकायत में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संगठन के भीतर उठे विवाद को लेकर प्रदेश नेतृत्व को निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लानी चाहिए। वहीं पुलिस शिकायत के बाद मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस जांच के आधार पर होगी।

## बांगड़ श्रीसीमेंट प्लांट में केबल चोरी का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

### 100 फीट केबल चोरी की वारदात में दो विधि से संघर्षरत बालक भी संरक्षण में, चोरी का माल बरामद

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर/रास।** बांगड़ श्रीसीमेंट प्लांट में करीब 100 फीट केबल चोरी की वारदात का रास थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं दो विधि से संघर्षरत बालकों को संरक्षण में लेकर प्रकरण में अनुसंधान किया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई केबल भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार 10 मार्च 2026 को प्लांट के माइंस क्रेशर नंबर-6 क्षेत्र से केबल चोरी होने की सूचना मिली थी। प्लांट के सुरक्षा अधिकारी शुभम प्रसाद द्विवेदी की रिपोर्ट पर रास थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। वारदात के बाद पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के संभावित मार्गों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी सहायता तथा मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की। पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनियां एवं जैतारण वृताधिकारी रमेन्द्र सिंह हाड़ा के सुपरविजन में थानाधिकारी पन्नालाल के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस ने मामले में अजय उर्फ अजीत (20) निवासी लालजी की ढाणी रास, मनोहर (22) निवासी भंवरिया पाटन तथा सोपालराम (20) निवासी पालियावास को गिरफ्तार किया। इसके अलावा दो विधि से संघर्षरत बालकों को संरक्षण में लिया गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की, जिसके दौरान चोरी गई करीब 100 फीट केबल बरामद की गई। अनुसंधान के बाद आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। कार्रवाई में थानाधिकारी पन्नालाल, महावीर सिंह सहित पुलिस थाना रास की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अवैध बजरी परिवहन मामले में 112 पुलिस वाहन चालक को पकड़े जाने के बाद उठे सवाल-डीएसटी की कार्रवाई में बजरी की पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त,

### एफआईआर में पूछताछ के दौरान ट्रैक्टर मालिकों के नाम सामने आने का उल्लेख; 112 वाहन चालक की गिरफ्तारी दर्ज नहीं होने सहित कई बिंदु जांच के दायरे में

स्मार्ट हलचल



टोंक/ अलीगढ़। उनियारा सर्किल अन्तर्गत अलीगढ़ थाना क्षेत्र में अवैध बजरी परिवहन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बीच जिला पुलिस अधीक्षक टोंक रोशन मीना (आईपीएस) के निर्देश पर जिला स्पेशल टीम (DST) द्वारा की गई कार्रवाई के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर भी कई सवाल उठ रहे हैं। शुक्रवार, 25 सितंबर की अल सुबह (सूर्योदय) समय चोरू-चौथ का बरवाड़ा रोड चोरू तन क्षेत्र में हुई कार्रवाई के संबंध में अलीगढ़ थाना पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर संख्या 171/2026 में थाने के 112 पुलिस वाहन चालक राजीव उर्फ गोलू मीणा निवासी लसाड़िया को मौके से पकड़े जाने का उल्लेख है। पुलिस दस्तावेजों के अनुसार कार्रवाई के दौरान पांच ट्रैक्टर-ट्रॉलियां अवैध बजरी से भरी हुई मिलीं। एफआईआर में पूछताछ के दौरान 112 वाहन चालक द्वारा पांच ट्रैक्टरों के मालिकों के नाम बताए जाने का भी उल्लेख किया गया है। पुलिस ने पांचों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त कर अलीगढ़ थाने पर खड़ा करवाया।

**एफआईआर में पांच ट्रैक्टरों की जानकारी दर्ज**

एफआईआर के अनुसार पूछताछ में पांच ट्रैक्टरों के मालिकों के संबंध में नाम सामने आए। संबंधित ट्रैक्टरों के मॉडल, इंजन नंबर और चेसिस नंबर भी पुलिस दस्तावेज में दर्ज किए गए हैं। हालांकि प्रकरण में अज्ञात चालकों एवं मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार एफआईआर संख्या 171/2026 थाना अलीगढ़ पर मामले में धारा 303(2), 112(2) BNS तथा 4/21 MMDR Act के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले की जांच उनियारा थानाधिकारी ओम कंवर, पुलिस निरीक्षक को सौंपी गई है।

**112 वाहन चालक की गिरफ्तारी दर्ज नहीं होने सहित कई सवाल**

मामले में यह सवाल भी उठ रहा है कि यदि 112 पुलिस वाहन चालक को डीएसटी टीम द्वारा मौके से पकड़ा गया था, तो उसकी गिरफ्तारी की स्थिति क्या है और उसके विरुद्ध तत्काल कौन-सी वैधानिक कार्रवाई की गई। क्या उसके पास से अवैध चौथ वसूली एंट्री राशि भी जप्त की गई है। इस संबंध में पुलिस के आधिकारिक रिकॉर्ड एवं जांच से स्थिति स्पष्ट हो सकती है। साथ ही यह भी जांच का विषय है कि 112 पुलिस वाहन चालक राजीव उर्फ गोलू मीणा कथित रूप से अवैध बजरी परिवहन से जुड़े लोगों के संपर्क में था या नहीं और यदि था तो स्थानीय थाना पुलिस को इसकी जानकारी थी या नहीं।

**पांच ट्रैक्टर मौके पर मिले-चालक भागे**

एफआईआर में उल्लेख है कि नाकाबंदी के दौरान पांच बजरी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिखाई दीं। पुलिस के अनुसार चार ट्रैक्टरों के चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गए, जबकि एक ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर आगे बढ़ा और सड़क किनारे कच्चे रास्ते में फंस गया। इसके बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर भाग गया। अब जांच में यह स्पष्ट होना महत्वपूर्ण होगा कि इन वाहनों के चालक कौन थे तथा एफआईआर में पूछताछ के दौरान सामने आए वाहन मालिकों और मौके से फरार चालकों के बीच क्या संबंध था।

**थाने की सरकारी बोलेरो और पुलिसकर्मियों की भूमिका भी जांच का विषय**

मामले में अलीगढ़ थाने की सरकारी बोलेरो के चालक कांस्टेबल नवरत्न चौधरी का नाम भी कथित रूप से चर्चा में आने की जानकारी सामने आई है। हालांकि उनकी भूमिका अथवा किसी प्रकार की मिलीभगत के संबंध में फिलहाल कोई निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। इसी प्रकार थानाधिकारी अलीगढ़ राजकुमार चौधरी, पुलिस निरीक्षक सहित अन्य पुलिसकर्मियों की कथित भूमिका को लेकर उठ रहे सवालों की पुष्टि भी आधिकारिक जांच के बाद ही हो सकती है। पुलिस के 112 वाहन चालक की गिरफ्तारी दर्ज नहीं होने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि गिरफ्तारी की वास्तविक स्थिति पुलिस रिकॉर्ड से ही स्पष्ट होगी। अवैध बजरी परिवहन से जुड़े लोगों से कथित वसूली अथवा पुलिस वाहन के कथित इस्तेमाल संबंधी आरोप भी सामने आए हैं, लेकिन इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।

**CCTV और GPS रिकॉर्ड व कॉल डिटेल से सामने आ सकता है सच**

मामले में पुलिस थाने के CCTV फुटेज, 112 वाहन के GPS रिकॉर्ड, ड्यूटी रजिस्टर, रोजनामचा, वाहन संचालन रिकॉर्ड, मोबाईल सीडीआर तथा उपलब्ध वैध इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इन रिकॉर्ड से यह पता लगाया जा सकता है कि संबंधित 112 वाहन निर्धारित ड्यूटी पर कहां-कहां गया, वाहन का वास्तविक संचालन किसने किया तथा कार्रवाई वाले दिन वाहन की लोकेशन क्या थी। यदि 112 वाहन का इस्तेमाल अवैध बजरी परिवहन से जुड़े लोगों से कथित वसूली के लिए किए जाने का आरोप है, तो GPS, CCTV और ड्यूटी रिकॉर्ड जैसे साक्ष्य इस आरोप की पुष्टि अथवा खंडन करने में महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

**निष्पक्ष जांच से स्पष्ट होगी वास्तविक भूमिका**

पूरे मामले में जांच एजेंसी द्वारा 112 वाहन के GPS एवं CCTV रिकॉर्ड, ड्यूटी रजिस्टर, रोजनामचा, कॉल डिटेल सहित वैध इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य, जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज तथा संबंधित व्यक्तियों से पूछताछ को जांच में शामिल किया जाना महत्वपूर्ण होगा। इन तथ्यों के आधार पर ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि 112 पुलिस वाहन चालक की वास्तविक भूमिका क्या थी और क्या उसका अवैध बजरी परिवहन से कोई संगठित संबंध था।

## अखिल राजस्थान राज्य वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ (विद्युत विभाग) के अध्यक्ष बने हरीश रावत, नई कार्यकारिणी का गठन

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** अखिल राजस्थान राज्य वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय कार्यालय (सिंचाई विभाग, जयपुर) में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से श्री हरीश रावत को विद्युत विभाग शाखा का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। चुनाव अधिकारी श्री नरेंद्र सिंह हाड़ा द्वारा इस मनोनयन की घोषणा की गई।1

**कार्यकारिणी का विस्तार**

नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री हरीश रावत ने जिम्मेदारी संभालते ही अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया, जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है:1

शाखा सचिवः श्री मुस्ताक अली1
कोषाध्यक्षः श्री सुनील कुमार1
वरिष्ठ उपाध्यक्षः श्री भीम सिंह1
उपाध्यक्षः श्री राम सिंह गुर्जर1
सलाहकारः श्री ओम प्रकाश सैनी1
संगठन मंत्रीः श्री रामधन1
प्रचार मंत्रीः श्री मुकेश कुमार1

वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति एवं स्वागत

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्री अजयवीर सिंह, महामंत्री श्री लक्ष्मी नारायण मीणा, संरक्षक श्री ज्ञानचंद जांगिड़, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह, प्रदेश मंत्री रमेश छपोला, जिला अध्यक्ष विजय सिंह, मोटर गैराज अध्यक्ष प्रताप सिंह, कृषि विभाग अध्यक्ष अशोक शर्मा, गंगानगर शुगर मिल से श्री हुकम सिंह एवं न्याय विभाग से श्री हिम्मत सिंह सहित संघ के कई वरिष्ठ पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।1

बैठक के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# सफाई कर्मचारी भर्ती में संशोधन की मांग को लेकर जयपुर में धरना-प्रदर्शन

## वाल्मीकि समाज के सामाजिक संगठनों व ट्रेड यूनियनों ने सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन, सात दिन में संशोधन नहीं तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**जयपुर** राजस्थान में प्रस्तावित सफाई कर्मचारी भर्ती के नियमों में संशोधन की मांग को लेकर शुक्रवार को प्रदेश की राजधानी जयपुर में वाल्मीकि समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। युवा नेता विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ताओं, सफाई कर्मचारियों एवं बेरोजगार युवाओं ने भाग लिया। प्रदर्शनकारियों ने सिविल लाइंस फाटक से स्वायत्त शासन विभाग तक पैदल रैली निकाली। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग कार्यालय के बाहर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक धरना दिया गया। धरने के दौरान प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए प्रतिनिधियों ने सफाई कर्मचारी भर्ती से जुड़े नियमों एवं समाज की समस्याओं पर अपने विचार और सुझाव रखे। बैठक में सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल/कमेटी गठित की गई, जिसने स्वायत्त शासन विभाग के उपनिदेशक को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर भर्ती प्रक्रिया में आवश्यक संशोधन करने की मांग रखी।



**अनुभव प्रमाणपत्र की बाध्यता समाप्त करने की प्रमुख मांग**

ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई कि वाल्मीकि समाज के अभ्यर्थियों के लिए अनुभव प्रमाणपत्र की अनिवार्यता समाप्त कर जाति प्रमाणपत्र को मान्यता प्रदान की जाए, ताकि पारंपरिक रूप से सफाई कार्य से जुड़े समाज के बेरोजगार युवाओं को भर्ती प्रक्रिया में वास्तविक अवसर मिल सके। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने आरक्षण आधारित प्रावधानों के स्थान पर वर्ष 2012 की सफाई कर्मचारी भर्ती के आधार पर भर्ती प्रक्रिया संचालित करने, वर्तमान विज्ञप्ति में निर्धारित 21 वर्ष की न्यूनतम आयु सीमा को घटाकर 18 वर्ष करने तथा भर्ती प्रक्रिया में देरी के कारण निर्धारित आयु सीमा पार कर चुके अभ्यर्थियों को अतिरिक्त आयु सीमा में छूट देने की मांग भी प्रमुखता से रखी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सफाई कर्मचारी भर्ती केवल रोजगार का विषय नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका और सामाजिक भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए भर्ती के नियम ऐसे होने चाहिए, जिनसे वास्तविक पात्र अभ्यर्थियों को न्यायपूर्ण एवं पारदर्शी अवसर प्राप्त हो। स्वायत्त शासन विभाग के उपनिदेशक ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए मांगों को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखने तथा शीघ्र वार्ता कर संशोधित विज्ञप्ति जारी करने की दिशा में कार्रवाई का आश्वासन दिया।

**सात दिन का समय, मांगें नहीं मानी तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की चेतावनी**

धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि समाज अपनी मांगों को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से सरकार और प्रशासन के समक्ष रख रहा है। यदि सात दिनों के भीतर सफाई कर्मचारी भर्ती के नियमों में वाल्मीकि समाज के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक संशोधन नहीं किए गए, तो प्रदेशभर में चरणबद्ध एवं व्यापक आंदोलन किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रदेश के सफाई कर्मचारी, सामाजिक संगठन, ट्रेड यूनियन एवं बेरोजगार युवा एकजुट होकर झाड़ू डाउन हड़ताल सहित लोकतांत्रिक आंदोलन के अन्य कार्यक्रमों की घोषणा करेंगे। उन्होंने सरकार से अपील की कि आंदोलन की नौबत आने से पहले ही समाज की जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

**भीलवाड़ा के सफाई कर्मचारियों के लंबित भुगतान का मुद्दा भी उठाया**

इस अवसर पर राष्ट्रीय वंचित लोकमंच के राष्ट्रीय महासचिव राकेश देसाई ने भी सफाई कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने विशेष रूप से भीलवाड़ा नगर निगम के सफाई कर्मचारियों के लंबित समर्पित अवकाश के भुगतान को शीघ्र जारी करने की मांग की। राकेश देसाई ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहरों को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके वैधानिक एवं सेवा संबंधी भुगतानों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना उचित नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई कर कर्मचारियों को उनका लंबित भुगतान दिलाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन के समापन पर प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं गांवों से पहुंचे सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, सफाई कर्मचारियों, ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों एवं युवाओं का आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज की एकजुटता ही उसके अधिकारों की सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि यदि निर्धारित समय सीमा में मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है, तो आगामी चरण में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा तथा प्रदेशभर के सफाई कर्मचारियों एवं बेरोजगार युवक-युवतियों से अपने हक एवं अधिकार के लिए लोकतांत्रिक आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया जाएगा।

## खो-खो में फौलाई के छात्रों का शानदार प्रदर्शन, राज्य स्तर पर चयन



स्मार्ट हलचल

**बूंदी** - राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अजेता में आयोजित 70वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्रों खो-खो प्रतियोगिता के समापन समारोह में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फौलाई के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया। विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। फौलाई के छात्रों ने प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। शानदार प्रदर्शन के आधार पर छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार मीणा ने छात्रों को बधाई दी। वहीं दबलाना में आयोजित 17 वर्षीय छात्राएं वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फौलाई की छात्राएं की टीम उपविजेता रही। छात्राएं के शानदार प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर रामलाल गोचर, मांगी लाल वर्मा, टीकम चन्द्र जैन, हेतराम मीणा एवं सुरेश चन्द्र मीणा सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## नम आंखों से कोटा विश्वविद्यालय से विदा हुए प्रो. सारस्वत, सीढ़ियों को नमन कर बढ़े नए सफर की ओर

*जिन सीढ़ियों से रोज बढ़े कदम, विदाई पर उन्हीं को नमन कर भावुक हुए कुलगुरू प्रो. सारस्वत*

### 13 माह 18 दिन का कार्यकाल बना विश्वविद्यालय के इतिहास का यादगार अध्याय, राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरु के रूप में संभालेंगे नई जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल

**राहुल पारीक कोटा।** कोटा विश्वविद्यालय में शनिवार का दिन भावुक विदाई का साक्षी बना। कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत के राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलगुरु के रूप में नई जिम्मेदारी संभालने के लिए रवाना होने से पहले विश्वविद्यालय परिसर में विदाई का माहौल रहा। उनके प्रस्थान के समय अनेक प्रोफेसरों, शिक्षकों और कार्मिकों की आंखें नम थीं। स्वयं प्रो. सारस्वत भी भावुक नजर आए। अपने कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय में उच्च आदर्शों, अनुशासन और अकादमिक प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देने वाले प्रो. सारस्वत ने रवाना होने से पहले विश्वविद्यालय परिवार से आत्मीय मुलाकात की। विदाई के क्षणों में भावनाओं का ऐसा संगम रहा कि लंबे समय तक साथ काम करने वाले शिक्षक और कार्मिक उन्हें विदा करते हुए अपने भाव रोक नहीं सके। विश्वविद्यालय की सीढ़ियों से नीचे उतरते हुए सामने वही सीढ़ियां थीं, जिनसे वे पिछले 13 माह 18 दिन तक प्रतिदिन अपने दायित्वों को निभाने के लिए गुजरते रहे



थे। उन्होंने उन सीढ़ियों को नमन किया। यह केवल सीढ़ियों के प्रति सम्मान नहीं था, बल्कि उस विश्वविद्यालय के प्रति कृतज्ञता का भाव था, जिसने उनके कार्यकाल के अनेक महत्वपूर्ण क्षणों को अपने भीतर समेटा है। उस क्षण वातावरण पूरी तरह भावुक हो उठा। कई आंखों में आंसू थे और चेहरों पर विदाई की उदासी साफ दिखाई दे रही थी। प्रो. सारस्वत भी इस भावनात्मक क्षण से अछूते नहीं रहे। कुछ क्षण पहले तक प्रशासनिक दायित्वों में दृढ़ दिखाई देने वाला व्यक्तित्व विदाई के समय भावनाओं से भरा नजर आया। उन्होंने पीछे मुड़कर विश्वविद्यालय की ओर देखा और फिर अपनी कार की ओर बढ़ गए। मानो एक अध्याय पीछे छूट रहा था और सामने एक नई जिम्मेदारी उनका इंतजार कर रही थी। कोटा विश्वविद्यालय में प्रो. सारस्वत का 13 माह 18 दिन का कार्यकाल अब विश्वविद्यालय के इतिहास का हिस्सा बन चुका है। इस अवधि में उनके नेतृत्व में किए गए कार्यों की सूची लंबी है। विश्वविद्यालय के अकादमिक विकास, प्रशासनिक व्यवस्था, शोध, नवाचार और विभिन्न संस्थागत गतिविधियों को गति देने के प्रयास उनके कार्यकाल की प्रमुख विशेषताओं में रहे। दिलचस्प बात यह है कि कोटा विश्वविद्यालय में उनके कार्यकाल की निर्धारित अवधि में अभी 22 माह 13 दिन शेष थे, लेकिन नियति ने उनके लिए एक नई जिम्मेदारी तय कर दी। अब वे राजस्थान विश्वविद्यालय की बागडोर संभालने जयपुर जा रहे हैं। कोटा विश्वविद्यालय परिवार के लिए यह विदाई केवल एक कुलगुरु के प्रस्थान का अवसर नहीं, बल्कि ऐसे कार्यकाल के समापन का क्षण है, जिसकी स्मृतियां लंबे समय तक विश्वविद्यालय से जुड़े लोगों के साथ रहेंगी।

### वन्दे मातरम् भारत की प्राण शक्ति, आज भी प्रासंगिक : धर्मराज

# बांसवाड़ा के कुशलबाग मैदान में एक समय, एक लय और एक स्वर में हुआ सामूहिक गायन...

स्मार्ट हलचल

**बांसवाड़ा ।** राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में शनिवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के आह्वान पर देशभर में एक समय, एक लय और एक स्वर में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में विद्या भारती संस्थान, बांसवाड़ा की ओर से शनिवार को कुशलबाग मैदान में जिला स्तरीय सामूहिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में बांसवाड़ा नगर के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थी, शिक्षक, प्रधानाचार्य और अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद सभापति मुकेश रावत ने की। जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह यादव मुख्य अतिथि रहे, जबकि भारतमाता परियोजना बांसवाड़ा के प्रमुख धर्मराज ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती संस्थान बांसवाड़ा के जिला मंत्री



नवनीत शुक्ला एवं वन्दे मातरम् आयोजन समिति के जिला संयोजक गजेन्द्र आचार्य उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अतिथि परिचय एवं स्वागत जिला सचिव ललित कुमार दवे ने किया। कार्यक्रम का संचालन विद्या निकेतन मंदारेश्वर के प्रधानाचार्य शिवगिरि गोस्वामी ने किया। इसके बाद विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम्' का सामूहिक गायन किया। मुख्य वक्ता धर्मराज ने 'वन्दे मातरम्' के इतिहास और इसके 150 वर्ष पूर्ण होने के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 'वन्दे मातरम्' की रचना का काल 1875-76 माना जाता है। इसके रचनाकार बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय थे और इसका प्रकाशन वर्ष 1882 में उनके उपन्यास आनंदमठ में हुआ। उन्होंने बताया कि वर्ष 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने 'वन्दे मातरम्' का सार्वजनिक गायन किया। इसके बाद यह गीत स्वाधीनता आंदोलन में राष्ट्रीय चेतना और संघर्ष का प्रमुख उद्घोष बन गया। धर्मराज ने कहा कि 'वन्दे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और मातृभूमि के प्रति समर्पण का भाव



है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रामचरितमानस की रचना के सदियों बाद भी उसकी पंक्तियां जन-जन के जीवन का हिस्सा हैं, उसी प्रकार 'वन्दे मातरम्' भी भारतीय जनमानस में गहरे रूप से प्रतिष्ठित है। उन्होंने कहा कि समय के साथ 'वन्दे मातरम्' के केवल प्रारंभिक दो अंतरों के सार्वजनिक गायन की परंपरा रह गई थी, लेकिन इसकी 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर राष्ट्रगीत के गौरव और भाव को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'वन्दे मातरम् भारत की सांस्कृतिक आत्मा का जयगान है, जो आज भी प्रासंगिक है। यह नई पीढ़ी को भारत के गौरवशाली इतिहास से जोड़ते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण और गौरव की भावना के लिए प्रेरित करता है।'

**विद्यालयों में नियमित रूप से गायन और भावार्थ सिखाने का आह्वान**

जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह यादव ने उपस्थित जनसमूह से विद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में 'वन्दे मातरम्' के नियमित गायन के साथ विद्यार्थियों को इसके भाव और अर्थ से परिचित कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि देश प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय में युवाओं एवं विद्यार्थियों में राष्ट्र के प्रति गौरव और समर्पण की भावना विकसित करना आवश्यक है। 'वन्दे मातरम्' इसके लिए प्रभावी माध्यम हो सकता है। नगर परिषद सभापति मुकेश रावत ने अपने विद्यार्थी जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालय में अध्ययन के दौरान उन्होंने 'वन्दे मातरम्' को पूर्ण रूप से गाया और इसके भावों को आत्मसात किया। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन राष्ट्रगीत का सस्वर गायन करने का आग्रह किया। वन्दे मातरम् आयोजन समिति के जिला संयोजक गजेन्द्र आचार्य ने बताया कि बांसवाड़ा जिले के विभिन्न राजकीय एवं निजी विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में भी एक समय, एक स्वर और एक लय में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा 'वन्दे मातरम्' का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्या भारती संस्थान के जिला मंत्री नवनीत शुक्ला ने सभी अतिथियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## चौपंडखेड़ी में गाजे-बाजे व गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के साथ गजानंद महाराज का विसर्जन

स्मार्ट हलचल

**कोटा ।** शुक्रवार को ग्राम चौपंडखेड़ी में गणेशोत्सव का समापन अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भावुक माहौल के बीच हुआ। गणेश नव युवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय गणेशोत्सव का समापन गजानंद गणेश जी महाराज के विसर्जन के साथ हुआ। दस दिनों तक चले अनुष्ठान और अनवरत पूजा-अर्चना के बाद, बप्पा को भव्य शोभायात्रा के साथ अंतिम विदाई दी गई। गाजे-बाजे और जयकारों से गूंजा पूरा गांव विसर्जन से पूर्व ग्रामवासियों ने भगवान गणेश की विशेष आरती की । इसके बाद डी जे के साथ भव्य गाजे-बाजे के बीच गणपति बप्पा की शोभायात्रा निकाली गई। 'गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' जयकारों से महोल भक्तिमय बन गया । बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी भक्ति में सराबोर होकर झूमते नजर आए। शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए ग्राम के समीप स्थित खेड़ा भोपाल तालाब पहुँची। यहाँ वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ गजानंद गणेश जी महाराज की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। सभी ने नम आँखों से बप्पा को विदाई दी और अगले वर्ष फिर से जल्दी आने का आग्रह किया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने में दिनेश मालव , अंकित मालव, जगदीश बैरागी, बलराम गोचर , लखन मालव , मुकेश मेघवाल, बंटी शर्मा, नितेश मालव, विपिन मालव, अनिल मालव अभिषेक गोचर , किस्मत मालव, महावीर शर्मा , हरिश गोस्वामी सहित समस्त ग्रामवासियों का सक्रिय सहयोग और विशेष योगदान रहा।



## स्कूल गेम्स फेडरेशन में दो सगी बहिनों ने जीता स्वर्ण पदक,



### अपूर्वा सैन का तीरंदाजी व नन्दनी सैन का शूटिंग में राज्य स्तर के लिए हुआ चयन

स्मार्ट हलचल

**कोटपूतली, शहर** में आयोजित 70 वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया में तीरंदाजी एवं निशानेबाजी में कोटपुतली के बाडाबास मौहल्ले की दो सगी बहनें अपूर्वा सैन एवं नन्दनी सैन ने जिला स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए राज्य स्तर पर अपना स्थान पक्का किया । प्राप्त जानकारी अनुसार अपूर्वा सैन ने तीरंदाजी एवं नन्दनी सैन ने 10 द्व पिस्टल शुटिंग में सफलता अर्जित कर स्वर्ण पदक जीतते हुए राज्य स्तर पर अपना स्थान पक्का किया । अपूर्वा सैन और नन्दनी सैन दोनों सगी बहिने है तथा शहर के शिव सरस्वती विद्या मंदिर की कक्षा 9 व 8 की छात्रा हैं । अपूर्वा , नन्दनी के पिता पवन कुमार सैन विद्युत विभाग में कार्यरत हैं तथा माता नीतू सैन गृहणी हैं । दोनों बहिनों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरु ,दादा- दादी, माता-पिता एवं परिवारजनों को दिया । विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के लोगों ने दोनो बहिनों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## कोटा की जुड़वां बहनों ने पहले ही प्रयास में NEET-PG में लहराया सफलता का परचम

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** शहर के टीचर्स कॉलोनी निवासी जुड़वां बहनों डॉ. कृति जैन एवं डॉ. श्रुति जैन ने अपने पहले ही प्रयास में NEET-PG परीक्षा में सफलता हासिल कर शहर व परिवार का नाम गौरवान्वित किया है। डॉ. कृति जैन ने NEET-PG में ऑल इंडिया रैंक 68, जबकि डॉ. श्रुति जैन ने रैंक 2911 हासिल की। दोनों बहनों की इस उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। उनके माता-पिता अनिता व मनोज जैन ने बेटियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों ने अपनी पढ़ाई के प्रति निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण बनाए रखा, जिसका परिणाम उन्हें पहले ही प्रयास में मिला।

**दोनों बहनों ने MBBS भी एक साथ SMS मेडिकल कॉलेज जयपुर से की है।**

कृति और श्रुति की इस उपलब्धि ने यह साबित किया कि लक्ष्य के प्रति निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल की जा सकती है। दोनों बहनों की सफलता पर परिवार, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल



**नारायणपुर** क विकसित भारत जन सेवा अभियान के तहत शनिवार को नगरपालिका मंडल कार्यालय में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तहसील क्षेत्र के करीब 115 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में फल, सब्जी, दाल, मोटा अनाज सहित विभिन्न पोषण सामग्री की प्रदर्शनी लगाई गई। लाभार्थियों ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। लाभार्थियों का पोषण थीम पर रंगोली सजाकर और फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को चेयरमैन मन्नी देवी, वाइस चेयरमैन मीना यादव एवं सुपरवाइजर वंदना सिंह तंवर ने प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने पोषण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता की। इस मौके पर सरोज मीणा, मीरा सैन, विजय लक्ष्मी, ज्योति शर्मा, शीला देवी, सुमित्रा देवी, पिंकी मीणा, भरफाई गुप्ता, पूनम यादव सहित अनेक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा सहयोगिनी मौजूद रहीं।

# कोटा विश्वविद्यालय को मिली नई कार्यवाहक कुलगुरू, डॉ. विमला डूंकवाल ने संभाला कार्यभार...

## प्रो. सारस्वत की विदाई के बाद डॉ. विमला डूंकवाल ने संभाली कोटा विश्वविद्यालय की कमान

### प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने पुष्पगुच्छ व दुपट्टा भेंट कर किया स्वागत, औपचारिक रूप से सौंपा कार्यभार



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** कोटा विश्वविद्यालय में कुलगुरू के पद पर शनिवार को प्रशासनिक बदलाव हुआ। कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरू डॉ. विमला डूंकवाल ने कोटा विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलगुरू के रूप में विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। राज्यपाल एवं कुलाधिपति के निर्देश पर उन्हें कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरू पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह व्यवस्था नियमित कुलगुरू की नियुक्ति होने अथवा राज्य सरकार से इस संबंध में सलाह प्राप्त होने तक जारी रहेगी। कार्यभार संभालने से पहले निवर्तमान कुलगुरू प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने डॉ. विमला डूंकवाल का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और दुपट्टा ओढ़ाकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इसके बाद प्रो. सारस्वत ने विश्वविद्यालय के कुलगुरू पद का कार्यभार औपचारिक रूप से डॉ. डूंकवाल को सौंप दिया। इस अवसर पर आरटीयू के कुलगुरू निमित चौधरी,प्रो.रीना दाधीच, प्रो.धनश्याम शर्मा,प्रो.भवानी सिंह,प्रो.ओ पी ऋषि,डा के आर चौधरी, डा. जोली भण्डारी,डा. शिखा दाधीच,डा.पायल जोशी,डा. मनीष वशिष्ठ,डा चक्रपाणी गौत्तम,परीक्षा नियंत्रक प्रवीण भार्गव सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरू बने प्रो. सारस्वत**

उल्लेखनीय है कि प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत को राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर के कुलगुरू पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राज्यपाल के आदेश के बाद उन्होंने कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरू पद से कार्यमुक्त होकर जयपुर के लिए प्रस्थान किया। कोटा विश्वविद्यालय में उनका कार्यकाल 13 माह 18 दिन का रहा।

**अधूरे कार्यों को पूरा करना प्राथमिकता**

कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. विमला डूंकवाल ने कहा कि प्रो. सारस्वत ने अपने कार्यकाल में उच्च आदर्शों, अनुशासन और अकादमिक प्रतिबद्धता को जिस प्राथमिकता के साथ विश्वविद्यालय की कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाया, उसे आगे बढ़ाना महत्वपूर्ण होगा। उनके कार्यकाल में शुरू हुए कार्यों को निरंतरता देते हुए विश्वविद्यालय के हित में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोटा विश्वविद्यालय की अकादमिक एवं संस्थागत पहचान को और मजबूत करने के साथ जो कार्य कम समायावधि के कारण अधूरे रह गए हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से जुड़े विषयों पर भी आवश्यक ध्यान दिया जाएगा। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक व्यवस्था और संस्थागत विकास को गति देना उनकी प्राथमिकताओं में रहेगा।

## आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय, लाखेरी में मातृ सम्मेलन सम्पन्न




स्मार्ट हलचल

**लाखेरी** - आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय लाखेरी में शनिवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती व माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना से हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही। सम्मेलन की मुख्य वक्ता रक्षा सोनी ने अपने उद्बोधन में बालक के सर्वांगीण विकास में माँ की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि माँ ही बालक की प्रथम गुरु होती है। संस्कार, शिक्षा और चरित्र निर्माण की नींव माँ के द्वारा ही रखी जाती है। यदि माँ जागरूक और संस्कारित है, तो परिवार, समाज और राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल है। इस अवसर पर उपस्थित माताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा भजन, गीत एवं प्रेरक वचनों की सुंदर प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी माताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्या मंदिर केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें अभिभावकों विशेषकर माताओं का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## यात्री सुरक्षा अभियान: कोटा स्टेशन पर संदिग्ध गतिविधि के दौरान चाकू के साथ एक व्यक्ति पकड़ा




### रेलवे सुरक्षा बल की सतर्कता से त्वरित कार्रवाई, आरोपी को राजकीय रेलवे पुलिस को सौंपा

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में यात्री सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत रेलवे सुरक्षा बल ने कोटा रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध गतिविधि करते एक व्यक्ति को पकड़कर उसके कब्जे से धारदार चाकू बरामद किया। आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए राजकीय रेलवे पुलिस, कोटा को सौंप दिया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-1 पर जांच के दौरान मंडल की अपराध निवारण टीम के सहायक उप निरीक्षक हरवंश बघेल, आरक्षक सीताराम तथा रेलवे सुरक्षा बल कोटा पोस्ट के आरक्षक कर्मजीत सिंह ने गाड़ी संख्या 19037 के गार्ड की ओर से दूसरे सामान्य श्रेणी कोच के गेट के पास एक व्यक्ति की गतिविधि संदिग्ध पाई। टीम ने दोपहर करीब 12:50 बजे उसे पकड़कर पूछताछ एवं जांच की। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम सुमेर सिंह, उम्र 35 वर्ष, निवासी बारां बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक धारदार चाकू मिला, जिसे रखने का कोई वैध लाइसेंस अथवा प्राधिकार वह प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद आरोपी एवं बरामद चाकू को राजकीय रेलवे पुलिस, कोटा के सुपुर्द किया गया। उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी राजकीय रेलवे पुलिस कोटा एवं मोठपुर थाने में आर्म्स एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामले दर्ज रहे हैं।

## विकसित भारत सेवा शिविर में हकीकत - 9 विभाग नदारद, ग्रामीण लौटे मायूस

स्मार्ट हलचल, अजीम खान चिनायटा

**शेरपुर-सूरौठ।** ग्राम पंचायत शेरपुर के अटल सेवा केंद्र पर 26 सितंबर को आयोजित विकसित भारत सेवा सेतु अभियान 2026 के ग्रामीण सेवा शिविर में सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाले इस शिविर में 9 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा विभाग, परिवहन विभाग, पशुपालन विभाग, कोषागार विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, श्रम विभाग, आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग, सैनिक कल्याण विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग की कुर्सियां खाली पड़ी थीं। भाजपा खेड़ा जमालपुर मंडल के महामंत्री रामप्रकाश डागुर ने बताया कि पशुपालन विभाग दोपहर 3 बजे तक नहीं पहुंचा था। इससे अपना काम लेकर आए ग्रामीणों को बैरंग लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि शिविर के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। वहीं इस कैंप के प्रभारी नायब तहसीलदार हरिशंकर शर्मा और पंचायत समिति हिंडौन सिटी के पंचायत प्रसार अधिकारी योगेश कुमार शिविर में उपस्थित रहे।

## आंगन मिलन समारोह में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान

### गोद भराई, अन्नप्राशन व प्रवेशोत्सव के साथ किया पौधरोपण

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** देवपुरा ग्राम पंचायत के आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र गुवाड़िया (खरवा सेक्टर) में शनिवार को आंगन मिलन सेवा समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी मोहित बुल्डक, विद्यालय प्रधानाचार्य रमन प्रकाश, महिला मोर्चा की मीना रावत, सरपंच समीन हैदर, समाजसेवी नरेन्द्र पाल पदावत, महिला पर्यवेक्षक लक्ष्मी गुर्जर, डॉ. आकाश गुप्ता, एएनएम संतोष चौहान सहित ग्रामीण मौजूद रहे। समारोह में महिला एवं बाल विकास, पोषण तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों की ओर से किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं, आशा सहयोगिनियों एवं साथिनों को उनके सराहनीय कार्य के लिए प्रधानमंत्री के संदेश रूपी सम्मान पत्र एवं गमले प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत भी किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, शिशुओं का अन्नप्राशन एवं प्रवेशोत्सव की गतिविधियां आयोजित की गईं। वहीं 'हरियालो राजस्थान' अभियान के तहत आंगनवाड़ी परिसर में पौधरोपण भी किया गया। अतिथियों ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र ग्रामीण स्तर पर महिलाओं और बच्चों तक सरकार की विभिन्न कल्याणकारी सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यकर्ताओं का सम्मान उनके मनोबल और उत्साह को बढ़ाने के साथ बेहतर कार्य के लिए प्रेरणा देता है। समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने आंगनवाड़ी सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और महिलाओं-बच्चों के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## कृषि विभाग की निगरानी के बीच खाद की कथित अनियमितता-डीएसटी की कार्रवाई से उठे सवाल,

### *निवाई में किसानों की शिकायत पर छापेमारी-रिकॉर्ड में 35 कट्टे, मौके पर 1729 यूरिया मिलने का दावा; DAP स्टॉक में भी अनियमितता का आरोप*

स्मार्ट हलचल



**टोंक/निवाई।** निवाई क्षेत्र में खाद की कथित कालाबाजारी एवं स्टॉक में अनियमितता को लेकर जिला स्पेशल टीम (DST) की कार्रवाई के बाद कृषि विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। किसानों की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक रोशन मीणा के निर्देश पर DST ने निवाई के झिलाय रोड स्थित रिको क्षेत्र सहित कई गोदामों पर छापेमारी की। जानकारी जिला स्पेशल टीम (DST) प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई के दौरान आधा दर्जन से अधिक ठिकानों की जांच की गई। कार्रवाई के संबंध में सामने आई जानकारी के अनुसार कुछ स्थानों पर खाद, यूरिया एवं DAP का स्टॉक रिकॉर्ड से मेल नहीं खाने की बात सामने आई है। एक स्थान पर बिना लाइसेंस खाद-बीज कारोबार किए जाने की भी जानकारी बताई गई है। कार्रवाई से जुड़े उपलब्ध विवरण में रिकॉर्ड में 35 कट्टे और मौके पर 1729 यूरिया मिलने का दावा किया गया है। वहीं DAP के स्टॉक में भी कथित अनियमितता की बात सामने आई है। गोयल एंटरप्राइजेज एवं केके एंटरप्राइजेज की फर्म पर यह कार्यवाही की जाने की बात सामने आई हैं। हालांकि, बरामदगी, स्टॉक सत्यापन, लाइसेंस की स्थिति तथा संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध की गई कार्रवाई की अंतिम आधिकारिक रिपोर्ट अभी स्पष्ट होना बाकी है। मामले में मुख्य सवाल यह उठ रहा है कि यदि खाद-बीज विक्रेताओं के स्टॉक एवं बिक्री की नियमित रूप से कृषि विभाग की निगरानी में की जा रही थी, तो DST की कार्रवाई में कथित रिकॉर्ड संबंधी विसंगतियां कैसे सामने आईं। वहीं कृषि विभाग की ओर से मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई, इसे लेकर भी स्थिति स्पष्ट किए जाने की जरूरत है। मामले में निष्पक्ष जांच, जब्त/मौके पर मिले स्टॉक का आधिकारिक सत्यापन तथा कृषि विभाग और संबंधित व्यापारियों का पक्ष सामने आने के बाद ही खाद की कथित कालाबाजारी अथवा अनियमितता की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# पलाई स्कूल की बेटियों ने जिला स्तरीय कबड्डी में लहराया परचम,

## *पहले ही वर्ष जिला स्तरीय कबड्डी में बनी उपविजेता-पलाई पहुंचने पर ग्रामीणों ने जुलूस निकालकर किया भव्य स्वागत*

स्मार्ट हलचल




**टोंक** । उनियारा उपखंड क्षेत्र के पलाई कस्बा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने 70वीं जिला स्तरीय कबड्डी छात्रा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही वर्ष उपविजेता का गौरव हासिल किया। छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित ग्रामीणों और खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। निवाई स्थित बनस्थली विद्यापीठ विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता के 17 वर्षीय छात्रा वर्ग के फाइनल मुकाबले में बनस्थली विद्यापीठ और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पलाई की टीम आमने-सामने रहीं। रोमांचक मुकाबले में बनस्थली विद्यापीठ ने 25-21 से जीत दर्ज की, जबकि पलाई स्कूल की टीम उपविजेता रही। पूरे मुकाबले में पलाई की खिलाड़ियों ने शानदार टीमवर्क, खेल कौशल और जुझारूपन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के समापन पर उपविजेता टीम की खिलाड़ियों एवं टीम प्रभारी धर्मराज मीना को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**जीत के बाद पलाई पहुंचने पर बेटियों का भव्य स्वागत**

जिला स्तर पर उपविजेता बनने के बाद पलाई पहुंची छात्राओं का ग्रामीणों, युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं खेल प्रेमियों ने पलाई बायपास पर माला और साफा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इसके बाद डीजे के साथ स्वागत जुलूस निकाला गया। खिलाड़ी एवं विद्यार्थी डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए बस स्टैंड, रैगर बस्ती एवं गांव के मुख्य मार्गों से होकर तेजाजी महाराज के स्थान पर पहुंचे। जुलूस के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने खिलाड़ियों पर पुष्पवर्षा कर एवं आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। खिलाड़ियों की उपलब्धि को लेकर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए उनके राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के पीटीआई धर्मराज मीणा, समाजसेवी एवं चारभुजा नाथ मंदिर समिति अध्यक्ष शेरसिंह सोलंकी, रामकिशन धाकड़, राजूलाल धाकड़, बाबूलाल धाकड़, प्रधान गुर्जर, गिर्राज धाकड़, सुनील जैन, गजेंद्र, सियाराम प्रजापत, आशाराम सैन सहित खिलाड़ी, युवा एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## दशलक्षण महापर्व में धर्म के साथ ज्ञान की परीक्षा, प्रश्नोत्तरी में उमड़ा उत्साह

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** दशलक्षण महापर्व के उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप 'वर्धमान' कोटा की ओर से श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर, तलवंडी धर्मशाला में जैन धार्मिक प्रश्नोत्तरी एवं रोचक पहेलियों का आयोजन किया गया। धार्मिक सिद्धांतों और प्रसंगों पर आधारित सवालों ने श्रद्धालुओं को जहां अपने ज्ञान को परखने का अवसर दिया।अध्यक्ष सीमा जैन बागड़िया, सचिव श्वेता जैन सेठिया ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुश्री अदिति जैन सुरलाया के मंगलाचरण से हुआ। इसके बाद भगवान महावीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आयोजन की शुरुआत की गई। पुण्यार्जक श्रीमती इंदिरा जैन एवं राजेंद्र जैन ताथेड़िया, जे.के. जैन, सुरेश हरसोरा, सुरेश चांदवाड, अशोक पहाड़िया एवं अनिल ठोरा सहित गणमान्यजन मौजूद रहे। प्रश्नोत्तरी का संचालन आदि भैया ने किया। उन्होंने जैन धर्म, सिद्धांतों, तीर्थंकरों और धार्मिक प्रसंगों से जुड़े प्रश्नों तथा पहेलियों के माध्यम से प्रतिभागियों की धार्मिक समझ को परखा। धर्मप्रेमी बंधु-भगिनियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सही उत्तर देने के लिए उत्साह के साथ अपनी सहभागिता निभाई। विजेताओं एवं सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पारितोषिक देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

**धर्म को जीवन से जोड़ने पर जोर**

आयोजन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि धर्म केवल सुनने और पढ़ने का विषय नहीं है, बल्कि उसके सिद्धांतों को समझकर आचरण में उतारना ही धर्म की वास्तविक सार्थकता है। उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म आत्मसंयम, इंद्रिय नियंत्रण और आत्मशुद्धि की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर पुण्यार्जक परिवार इंदिरा एवं राजेंद्र जैन ताथेड़िया का सम्मान किया गया। वहीं प्रश्नोत्तरी एवं पहेलियों के संचालन के लिए आदि भैया का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप 'वर्धमान' कोटा की अध्यक्ष सीमा जैन बागड़िया, सचिव श्वेता जैन सेठिया एवं कोषाध्यक्ष प्रियंका जैन धनोप्या सहित ग्रुप के सदस्य और बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। आयोजन ने दशलक्षण महापर्व के उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के संदेश को ज्ञान, सहभागिता और आनंद के साथ श्रद्धालुओं तक पहुंचाया।

## 48 दीपकों से गूंजा भक्तामर महापाठ, आज सामूहिक क्षमा याचना और जिनालयों में होंगे अभिषेक



स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर।** अनंत चतुर्दशी के पावन पर्व पर शुक्रवार को अजमेर रोड स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 48 दीपकों से संगीतमय ऋद्धि-सिद्धि भक्तामर महापाठ का भव्य आयोजन हुआ। विद्वान पंडित घनश्यामदास शास्त्री के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ लिया। मंदिर अध्यक्ष संजय रावका एवं मंत्री संजय गंगवाल ने बताया कि आरती के बाद भक्तामर महापाठ हुआ। 48 दीपकों की रोशनी, भक्ति गीतों एवं मंत्रोच्चार से मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ की आराधना कर सुख-शांति एवं मंगल की कामना की। आयोजन में मंजूलता रांवका परिवार, शोभारानी गंगवाल (टोपीवाला परिवार), वीरेंद्र गोधा परिवार, मैना देवी पाटनी परिवार, डॉ. हर्षवर्धन भगत परिवार तथा पदमचंद कासलीवाल परिवार (जयपुर) सहित पुण्यार्जक परिवारों ने सहभागिता की। इधर, आज श्री दिगंबर जैन पंचायत नसियां में सामूहिक क्षमा याचना कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समाज प्रवक्ता अमित गोधा ने बताया कि कार्यक्रम में समाजबंधु वर्षभर में जाने-अनजाने में हुई भूल-चूक के लिए एक-दूसरे से क्षमा याचना करेंगे। रविवार दोपहर शहर के विभिन्न जिनालयों में भगवान श्रीजी का रजत कलशों से अभिषेक होगा। अभिषेक शांतिनाथ मंदिर हाउसिंग बोर्ड से शुरू होकर आदिनाथ मंदिर सुधा सागर कॉलोनी, पार्श्वनाथ मंदिर गांधी नगर, छावनी मंदिर, सरावगी बड़ा मंदिर, चैत्यालय मंदिर, सेठजी की नसियां और श्री दिगंबर जैन पंचायती नसियां तक होगा। शाम को पंचायती नसियां में सकल जैन समाज की सामूहिक क्षमा याचना होगी।

## जन सेवा शिविर में पहुंचे उपखंड अधिकारी, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



### पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने और लंबित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार खींची ब्यावर ।** विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत लगेतखेड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित जन सेवा शिविर का शनिवार को उपखंड अधिकारी ब्यावर जयपाल सिंह राठौड़ ने निरीक्षण किया। एसडीएम ने शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए काउंटरों का जायजा लेते हुए अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों और उनके निस्तारण की प्रगति की जानकारी ली। राठौड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा उनकी समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही समाधान किया जाए। उन्होंने विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर जोर दिया। एसडीएम ने शिविर में प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करने, प्रगति रिपोर्ट तैयार करने तथा अभियान के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाए तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# राम मंदिर चढ़ावा चोरी: चार्जशीट में सीसीटीवी से लेकर बैंक खातों तक का ब्योरा; 700 खाते खंगाले

## 85 बार रकम ले जाते दिखा अविनाश, चैट में कैश के बंडलों का जिक्र

**अयोध्या, एजेंसी।**
राम मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से चढ़ाई गई रकम की कथित चोरी की जांच में पुलिस की चार्जशीट ने मामले की परतें और खोल दी हैं। जांच के मुताबिक, गणना कक्ष में चढ़ावे की रकम से छेड़छाड़ का सिलसिला एक-दो बार नहीं, बल्कि कई मौकों पर हुआ। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में अविनाश शुक्ला उर्फ शनि 85 बार रकम चोरी करते दिखाई दिया। इतना ही नहीं, चार बार वह दूसरे आरोपियों को चोरी में सहयोग करते भी नजर आया।



चार्जशीट में पुलिस ने केवल कैमरों के फुटेज को आधार नहीं बनाया है। मोबाइल डाटा, टेक्स्ट चैट, कॉल डिटेल रिकॉर्ड यानी सीडीआर और बैंक खातों के लेनदेन को भी जांच का हिस्सा बनाया गया है। पुलिस के अनुसार, करीब 700 बैंक खातों को खंगाला गया। इनमें ट्रस्टियों, कर्मचारियों, गणना कर्मियों, आरोपियों और संदिग्धों के खातों के साथ ट्रस्ट के बैंक खाते भी शामिल रहे। इसी जांच में पुलिस ने दर्ज किया कि चंपत राय के नाम कोई निजी बैंक खाता नहीं मिला।

फुटेज में दर्ज गतिविधियां

चार्जशीट का सबसे बड़ा हिस्सा सीसीटीवी फुटेज से जुड़ा है। पुलिस ने अलग-अलग तारीखों और घटनाओं के फुटेज का विश्लेषण कर आरोपियों की गतिविधियों का ब्योरा तैयार किया है। पुलिस के मुताबिक, अविनाश शुक्ला उर्फ शनि 85 बार चढ़ावे की रकम हटाते या चोरी करते दिखाई दिया। चार बार वह दूसरे आरोपियों को चोरी में सहयोग करता भी नजर आया। करुणेश पांडेय के बारे में चार्जशीट में कहा गया है कि वह दो बार रकम चोरी करते और 68 बार सह-अभियुक्तों की मदद करते दिखाई दिया। मनीष कुमार यादव पर 16 बार चढ़ावे की रकम अपने पास रखने और 19 बार दूसरे आरोपियों का सहयोग करने का आरोप है। लवकुश मिश्रा एक बार रकम चोरी करते और 52 बार अन्य आरोपियों की मदद करते दिखाई दिए। रमाशंकर मिश्र के बारे में एक बार रकम हटाकर अपने पास रखने का उल्लेख है। सबसे अधिक सहयोग करने वालों में अनुकल्प मिश्रा का नाम भी सामने आता है। पुलिस के अनुसार, वह 56 बार अन्य आरोपियों को चढ़ावे की रकम हटाने में सहयोग करते सीसीटीवी में दिखाई दिया।

जुलाई के आखिरी सप्ताह का फुटेज भी अहम चार्जशीट में 25 से 30 जुलाई 2026 के सीसीटीवी फुटेज का भी उल्लेख है। पुलिस के अनुसार, इस दौरान सुभाष श्रीवास्तव की मौजूदगी में गणना कक्ष में चढ़ावे की रकम की गिनती चल रही थी। इसी दौरान अविनाश शुक्ला उर्फ शनि रकम हटाकर अपने पास रखते दिखाई दिया। जांच एजेंसी ने इस फुटेज को इसलिए महत्वपूर्ण माना है क्योंकि यह रकम की गिनती की प्रक्रिया के दौरान कथित तौर पर हुई गतिविधियों से जुड़ा है। यानी पुलिस ने चोरी के आरोप को केवल रकम के हिसाब-किताब में अंतर से नहीं, बल्कि कैमरे में रिकॉर्ड हुई गतिविधियों से जोड़ने की कोशिश की है।

मोबाइल चैट में 'कैश के बंडल' की बातचीत जांच का दूसरा अहम सिरा मोबाइल फोन से मिला डिजिटल डाटा है। चार्जशीट के मुताबिक, अनुकल्प मिश्रा के मोबाइल से अविनाश शुक्ला और लवकुश मिश्रा के साथ चढ़ावे की रकम को लेकर टेक्स्ट संदेश मिले। पुलिस के अनुसार, इन चैट में कैश के बंडलों को रखने, छिपाने, अदला-बदली करने और इधर-उधर ले जाने से संबंधित बातचीत का उल्लेख है। जांच में इन संदेशों को सीसीटीवी फुटेज और दूसरे साक्ष्यों के साथ जोड़कर देखा गया। इसके अलावा आरोपियों के बीच लगातार संपर्क को लेकर सीडीआर का विश्लेषण भी किया गया। पुलिस ने चार्जशीट में दावा किया है कि संबंधित अवधि में आरोपियों के बीच लगातार संपर्क था। सीसीटीवी, डिजिटल, मौखिक और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों को मिलाकर पुलिस ने आपसी समन्वय और आपराधिक षड्यंत्र के साक्ष्य मिलने की बात कही है।

**700 खातों में रकम का रास्ता तलाशा**

जांच का दायरा केवल गणना कक्ष तक नहीं रहा। पुलिस ने करीब 700 बैंक खातों के लेनदेन की पड़ताल की। मकसद यह पता लगाना था कि संदिग्ध रकम कहीं बैंकिंग चैनल के जरिए आरोपियों या उनसे जुड़े लोगों तक पहुंची या नहीं। ट्रस्टियों, कर्मचारियों, गणना कर्मियों और संदिग्धों के खातों की जांच के साथ ट्रस्ट के बैंक खातों को भी देखा गया। डॉ. अनिल मिश्रा और गोपाल राव के खातों के लेनदेन को भी अन्य आरोपियों और संदिग्धों के खातों से मिलाकर जांचे जाने का उल्लेख है। इसी प्रक्रिया में चार्जशीट में यह तथ्य दर्ज किया गया कि चंपत राय के नाम कोई निजी बैंक खाता नहीं मिला। हालांकि, किसी व्यक्ति के नाम निजी बैंक खाता नहीं मिलना अपने आप में किसी आपराधिक आरोप की पुष्टि या खंडन नहीं करता। इस तथ्य का महत्व मामले के अन्य साक्ष्यों और न्यायिक परीक्षण के संदर्भ में ही तय होगा।

## अगर गठबंधन नहीं करना है तो न करें, हम क्या किसी से भीख मांग रहे हैं?

**-इकरा हसन के बयान पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने किया पलटवार**

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूपी विधानसभा चुनाव से पहले गठबंधन पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच घमासान शुरु हो गया है। इसी कड़ी में कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने सपा सांसद इकरा हसन के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि अगर गठबंधन नहीं करना है तो न करें। हम अपने काम पर लगे हैं। सांसद मसूद ने कहा कि न करें गठबंधन, कौन कह रहा है? हम क्या किसी से भीख मांग रहे हैं? जिसको जो करना है, वह करे। जब बारात चढ़ती है, तो बहुत सारे ढोल बजाने वाले भी होते हैं, नाचने-गाने वाले भी होते हैं। इन नाचने-गाने वालों को नाचने-गाने दीजिए। हम अपने काम पर लगे हुए हैं।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सपा विधायक शिवपाल यादव के बयान पर मसूद ने कहा कि यह उनकी सोच हो सकती है, कांग्रेस अपने काम पर लगी है। शिवपाल जो बात कह रहे हैं, वह पार्टी के अंदर ही अप्रासंगिक हो गए हैं। वह अपने नेता से यह बात अगर वह कहेंगे, तब तो उसके ऊपर कोई मायने होंगे, इसके अलावा कोई मायने नहीं हैं। मसूद ने कहा कि बहुत सारे लोग बहुत सारी बातें बोलते रहते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता है। बता दें इससे पहले शिवपाल सिंह यादव ने एक बयान में कहा था कि कांग्रेस को वोट नहीं मिलना है। रिपोर्ट के मुताबिक समाजवादी पार्टी के सांसद रमाशंकर राजभर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के कुछ नेताओं के बयानों से इंडिया गठबंधन आहत होता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी को लाभ देने वाले बयान कांग्रेस की ओर से आते रहे हैं। सपा और कांग्रेस का गठबंधन राहुल गांधी और अखिलेश यादव तय करेंगे, लेकिन जो कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बेतुके बयान आ रहे हैं, यह केवल दबाव बनाने के लिए हैं। कांग्रेस यूपी-बिहार में कितना पानी में है, यह जगजाहिर है।

## पालमपुर :महिला को 7 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट 15 लाख ठगे

पालमपुर (एजेंसी)। उपमंडल की एक महिला साइबर ठगी का शिकार हो गई है, जहां शातिरों ने उसे सात दिनों तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। ठगों ने महिला को उसके बैंक खातों के दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग में संलिप्तता का डर दिखाकर यह बड़ी रकम हड़पी। पीड़िता की शिकायत पर साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में जीरो एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार, पीड़िता को 18 सितंबर को दो अलग-अलग नंबरों से फोन आए। कॉल करने वालों ने खुद को दिल्ली के दरियागंज पुलिस स्टेशन का अधिकारी बताया। उन्होंने महिला पर यह कहकर दबाव बनाया कि उसके बैंक खातों का इस्तेमाल गैरकानूनी गतिविधियों और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए किया गया है। जांच के नाम पर, शातिरों ने महिला को लगातार अपनी निगरानी में रखा और उसे किसी भी परिजन या परिचित से संपर्क न करने की कड़ी हिदायत दी। गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई के गंभीर डर से, महिला ने शातिरों द्वारा उपलब्ध कराए गए एक बैंक खाता संख्या और आईएफएससी कोड पर नेफ्ट के माध्यम से 15 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम ट्रांसफर होने के बाद जब महिला को अपनी ठगी का अहसास हुआ, तो उसने तुरंत साइबर थाना धर्मशाला पहुंचकर अपनी आपबीती सुनाई। पुलिस अब मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## बिहार में चलती तीर्थयात्री बस में भीषण आग, बाल-बाल बचे 60 यात्री

खगड़िया (एजेंसी)। बिहार के खगड़िया जिले में अहले सुबह एक बड़ा हादसा टल गया जब मानसी थाना क्षेत्र में एनएच-31 पर नेपाल से गया जा रही तीर्थयात्रियों से भरी एक बस में अचानक आग लग गई। बस में सवार करीब 60 यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। देखते ही देखते पूरी बस जलकर खाक हो गई। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना अनिल होटल के सामने एनएच-31 पर हुई। बस में सवार सभी यात्री गया में पिंडदान करने जा रहे थे। यात्रियों ने बताया कि पहले बस के एक टायर से धुआं निकलता दिखाई दिया, जो तेजी से बस के अंदर फैलने लगा। खतरे को भांपते हुए यात्रियों ने तुरंत बस से नीचे उतरना शुरू कर दिया। सभी के उतरने के कुछ ही देर बाद बस में भीषण आग लग गई, जिसने कुछ ही समय में पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेजी से फैली कि बस पूरी तरह जलकर राख हो गई। यात्रियों की त्वरित प्रतिक्रिया और सूझबूझ के कारण सभी लोग सुरक्षित बच गए। इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग लगने का प्रारंभिक कारण टायर से निकला धुआं बताया जा रहा है। स्थानीय पुलिस को सूचना दे दी गई है।

## 130 की गति से दौड़ रही दुरंतो एक्सप्रेस पर पथराव, 3 कोच के शीशे टूटे

वाराणसी (एजेंसी)। नागपुर(ईएमएस)। देश की प्रमुख ट्रेनों में शुमार दुरंतो सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर पथराव की एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। नागपुर से मुंबई जा रही यह ट्रेन शुक्रवार की रात को 130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही थी, तभी अचानक उस पर पत्थरों से हमला किया गया। इस घटना से ट्रेन में सवार यात्री दहशत में आ गए और तीन कोच के शीशे टूट गए। इससे पहले भी देश के विभिन्न हिस्सों में प्रीमियम ट्रेनों, जिनमें वंदे भारत सेमी हाई-स्पीड ट्रेन भी शामिल है, पर ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके कि रेलवे इन्हें रोकने के लिए लगातार प्रयास करता रहता है। घटना शुक्रवार रात लगभग 8ः27 बजे नागपुर-मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12290) के बोरखेड़ी और सिंदी के बीच सफर के दौरान हुई। अज्ञात व्यक्तियों ने चलती ट्रेन को निशाना बनाकर पत्थर फेंके, जिसके परिणामस्वरूप ट्रेन के ए-1, बी-2 और बी-5 कोच की खिड़कियों के कांच चटक गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस घटना में एक यात्री को मामूली चोट भी आई है। पथराव की सूचना मिलते ही ट्रेन को वर्धा स्टेशन पर करीब आधे घंटे के लिए रोका गया, जहां रेलवे और संबंधित अधिकारियों ने गहन जांच पड़ताल की।

## डीएमके पर विजय का हमला : आलोचनाएं बेअसर, सवाल जारी रखूंगा

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) प्रमुख सी.जोसेफ विजय ने कहा है कि विपक्ष, खासकर द्रमुक की आलोचनाएं उन पर बेअसर हैं और वे द्रमुक के पुराने रिकॉर्ड पर लगातार सवाल उठता रहूंगा। यह बात उन्होंने मदुरांतकम विधानसभा उपचुनाव के लिए अपनी पार्टी के उम्मीदवार मरगतम कुमारवेल के प्रचार के दौरान कही। विजय ने द्रमुक की रणनीति पर निशाना साधा, जिसमें उनकी आलोचनाओं को पुराना बताकर खारिज किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि द्रमुक मानती है कि युवा पीढ़ी 50 साल पुराने भ्रष्टाचार के मामलों से अनजान है, जिससे वह अपनी बेदाग छवि बनाए रखने में सफल रही है। विजय ने कहा, जब वे पुराने मामले उठाते हैं,तब द्रमुक घटिया और मानहानिकारक हमले करती है। अपनी 'मोटी चमड़ी' का जिक्र कर विजय ने कहा कि राजनीति में आने से पहले उन्होंने 30-35 साल तक बहुत कुछ देखा है, इसलिए ये हमले उनके लिए नए नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे इससे भी ज़्यादा की उम्मीद करते हैं।



## मणिपुर और नागालैंड के बड़े हिस्सों को अशांत क्षेत्र घोषित किया

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्वोत्तर के दो राज्यों, मणिपुर और नागालैंड के कई क्षेत्रों को आर्म्ड फोर्सेज (स्पेशल पावर्स) एक्ट, 1958 (एएफएसपीए) के तहत अगले छह महीनों के लिए अशांत क्षेत्र घोषित किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को इस संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की। यह घोषणा 1 अक्टूबर, 2026 से प्रभावी होगी और अगले छह महीनों के लिए लागू रहेगी, जब तक कि इसे तय समय से पहले वापस नहीं लिया जाता।

अधिसूचना के अनुसार, मणिपुर के पूरे क्षेत्र को अशांत घोषित किया गया है, सिवाय पांच जिलों के तेरह पुलिस थाना क्षेत्रों के। इन अपवादों में राजधानी इंफाल के साथ-साथ लाफेल, सिटी, सिंगजामेई, पटसोई, वांगोई, पोरोमपत, हेइंगांग, इरिलबुंग, थौबल, बिष्णुपुर, नांबोल और काकचिंग पुलिस थाना क्षेत्र शामिल हैं। इन क्षेत्रों को अफस्पा के दायरे से बाहर रखा गया है। नागालैंड के संदर्भ में, गृह मंत्रालय ने नौ पूर्ण जिलों को अशांत क्षेत्र घोषित किया है। इनमें दीमापुर, निउलैंड, चुमौकेदिमा, मोन, किफिरे, नोकलक, फेक, पेरेन और मेलुरी जिले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, पांच अन्य जिलों के इक्कीस पुलिस थाना क्षेत्रों को भी अफस्पा के दायरे में लाया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना में कहा गया है कि यह घोषणा अफस्पा की धारा तीन के तहत की गई है। नागालैंड में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया है। यह घोषणा मार्च 2026 में जारी पूर्व अधिसूचना का विस्तार है, जिसके तहत 1 अप्रैल, 2026 से छह महीनों के लिए इन क्षेत्रों को अशांत घोषित किया गया था। जिन पुलिस थाना क्षेत्रों को अशांत घोषित किया गया है, वे इस प्रकार हैंः कोहिमा जिले में खुजामा, कोहिमा नॉर्थ, कोहिमा साउथ, जुब्जा और केजोक्हा पुलिस थाना क्षेत्र।मोकोकचुंग जिले में मंगकोलेंबा, मोकोकचुंग-ढ्ढ, लोंगथो, तुली, लोंगचेम और अनाकी 'सी' पुलिस थाना क्षेत्र।

## एससी-एसटी सांसदों को मिले संसद में बोलने का ज्यादा समय

### केंद्रीय मंत्री मांझी ने ओम बिरला को लिखा खत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय मंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखकर संसद में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के सांसदों को बोलने का पर्याप्त समय नहीं मिलने का मुद्दा उठाया है। केंद्रीय मंत्री मांझी ने स्पीकर से इस मामले में तत्काल आवश्यक कदम उठाने की अपील की है, ताकि इन समुदायों के सांसदों को अपनी बात रखने का पूरा मौका मिले।



16 सितंबर को अपने पत्र में केंद्रीय मंत्री मांझी ने अपने आवास पर हुई एनडीए सांसदों की बैठक का हवाला दिया। उनके अनुसार, इसी बैठक में मध्य प्रदेश की खरगोन लोकसभा सीट से भाजपा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने पहली बार यह चिंता जाहिर की थी। सांसद पटेल ने बाद में इस बात की पुष्टि की कि यह बात केवल उन्होंने ही नहीं उठाई थी, बल्कि बैठक में मौजूद कई अन्य सांसदों ने भी इस तरह की चिंता साझा की थी। हालांकि, उन्होंने इस एक अनौपचारिक चर्चा बताया। पटेल ने जोर दिया कि सांसदों को सदन में अपनी बात रखने का मौका कभी मिलता है तब कभी नहीं, और सभी सदस्य अपनी बात रखने के लिए ज्यादा समय मिलने की इच्छा रखते हैं। केंद्रीय मंत्री मांझी ने पत्र में कहा कि एनडीए सांसदों की बैठकें हर तीन महीने में आयोजित की जाती हैं, ताकि सांसदों को अपनी समस्याएं और सुझाव रखने के लिए एक मंच मिल सके। 5 अगस्त की बैठक में, खासकर एससी और एसटी समुदायों से पहली बार चुने गए कई सांसदों ने यह मुद्दा उठाया था। मांझी ने संसद में सभी सांसदों के लिए अपनी बात रखने के समान अधिकार पर जोर देकर स्पीकर से इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर उचित कदम उठाने का आग्रह किया है।

केंद्रीय मंत्री मांझी हाल के दिनों में एससी और एसटी आरक्षण के भीतर उप-वर्गीकरण और क्रीमी लेयर के मुद्दे पर अपने मुखर रुख को लेकर भी चर्चा में रहे हैं। मांझी और उनके बेटे संतोष कुमार सुमन ने एससी समुदायों के भीतर उन वर्गों तक आरक्षण का लाभ पहुंचाने के लिए उप-वर्गीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया है, जिन्हें अब तक इसका कम फायदा मिलने का दावा होता है। इस बहस में मुसहर और भुइयां जैसे समुदायों का विशेष रूप से जिक्र हुआ है। हालांकि, एनडीए के सहयोगी और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने एससी/एसटी आरक्षण में उप-वर्गीकरण और क्रीमी लेयर के मुद्दे पर अलग राय रखी है।

## प्रशांत किशोर को झटका, प्रत्याशी बनने के बाद भूषण झा ने पार्टी से दिया इस्तीफा

### झा ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा की

**पटना, एजेंसी।**
बिहार विधान परिषद चुनाव की घोषणा के ठीक बाद चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है। तिरहुत शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित किए जाने के महज 24 घंटे के अंदर प्रमुख शिक्षक नेता भूषण झा ने पार्टी से अपना नाता तोड़ लिया है। जन सुराज पार्टी छोड़ने का ऐलान करते हुए झा ने अब निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतरने की घोषणा कर दी है।

यह घटनाक्रम मुजफ्फरपुर में हुई एक समीक्षा बैठक के बाद सामने आया, जिसमें झा ने अपने और अपने समर्थक शिक्षकों के साथ किए गए व्यवहार को लेकर आरोप लगाए। झा के हटने के बाद, जन सुराज पार्टी अब शनिवार को तिरहुत शिक्षक सीट के लिए नए उम्मीदवार की घोषणा करने वाली है। जन सुराज पार्टी छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए, झा ने आरोप लगाया कि जब वे अपनी बात रख रहे थे, तो उनका समर्थन करने वाले शिक्षकों को समीक्षा बैठक की रिकॉर्डिंग करने से रोका गया।



उन्होंने दावा किया कि उन पर पार्टी द्वारा तय की गई बातों के मुताबिक बोलने का दबाव डाला जा रहा था। झा ने कहा कि उन्हें यह बात आपत्तिजनक लगी और साथी शिक्षकों के सुझावों के बाद, उन्होंने जन सुराज पार्टी छोड़ने और निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने का फैसला किया। यह बैठक 25 सितंबर को मुजफ्फरपुर के माड़ीपुर स्थित एक होटल में हुई, जिसमें प्रशांत किशोर भी मौजूद थे। बैठक के बाद ही झा ने पार्टी छोड़ने और निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की। उन्होंने बैठक में अपने और अपने समर्थक शिक्षकों के साथ किए गए व्यवहार को लेकर कई आरोप भी लगाए।

बता दें जन सुराज पार्टी ने गुरुवार को बिहार विधान परिषद की आठ सीटों में से तीन के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इन सीटों के लिए चुनाव 23 अक्टूबर को होने हैं, जबकि वोटों की गिनती 27 अक्टूबर को होगी। पार्टी ने बाकी पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा पहले ही 20 सितंबर को कर दी थी।

## मतदाता पंजीकरण में आयोग का बड़ा बदलाव, दीपके ने उठाया देरी पर सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक समावेशी बनाने के लिए महत्वपूर्ण पहल की है। इस नए अभियान के तहत, कोई भी व्यक्ति जिसका नाम मतदाता सूची में नहीं है, या जो वर्ष की पहली जनवरी, अप्रैल, जुलाई या अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुका है, वह मतदाता सूची के नियमित संशोधन का इंतजार किए बिना अपना पंजीकरण करा सकता है। यह कदम उन लाखों युवाओं और छूट गए मतदाताओं के लिए एक बड़ा मौका माना जा रहा है जो पहले लंबी प्रक्रिया के कारण इंतजार करते थे।

हालांकि, चुनाव आयोग के फैसले पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने सवाल उठाया है। दीपके ने पोस्ट साझा कर चुनाव आयोग से पूछा,......अब तक क्यों नहीं किया था? उन्होंने आयोग पर दबाव में आकर निर्णय लेने का आरोप लगाया है। दीपके ने इसके पहले भी मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की थी और इस्तीफा न होने पर मुंबई में प्रदर्शन की धमकी भी दी थी। उनकी इस एक्स पोस्ट पर कई समर्थकों ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को दोहराया है।

रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव आयोग के अधिकारियों ने इस पहल को मतदाता सूचियों को नियमित रूप से अपडेट करने की तय प्रक्रिया का हिस्सा बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग के साथ मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए व्यक्ति का भारतीय नागरिक होना, निर्धारित तिथि पर 18 वर्ष की आयु पूरी कर लेना, संबंधित निर्वाचन क्षेत्र या मतदान क्षेत्र का सामान्य निवासी होना और मतदाता बनने के लिए अयोग्य घोषित न होना आवश्यक है। आयोग का कहना है कि इस कदम से अधिक से अधिक योग्य नागरिक बिना किसी बाधा के लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे।

## महाराष्ट्र के 265 तालुक सूखा घोषित, 75 फीसदी में अब सूखे जैसे हालात



### सीएम देवेंद्र फडणवीस सूखे से निपटने के कई उपायों की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने सूखे से प्रभावित किसानों और नागरिकों के लिए बड़ा फैसला लिया है। राज्य के 358 तालुकों में से 265 में सूखा घोषित किया है, जिन 265 तालुकों में ट्रिगर-1 के मानक पूरे हुए हैं, उन्हें सूखा-प्रभावित घोषित किया है। इससे पता चलता है कि राज्य के करीब 75 फीसदी तालुकों में अब सूखे जैसे हालात हैं। इसके अलावा सीएम ने सूखे से निपटने के कई उपायों की घोषणा की है। इसके तहत लैंड रेवेन्यू में छूट, फसल लोन का रीस्ट्रक्चर, खेती से जुड़े लोन की रिकवरी पर रोक, खेती के पंपों के मौजूदा बिजली बिल में छूट, स्कूल-कॉलेज के छात्रों की परीक्षा शुल्क में छूट, एम्प्लॉयमेंट गारंटी स्कीम के तहत नियमों में ढील देकर काम शुरू किए जाएंगे। इसके अलावा जहां भी जरूरी होगा वहां पीने के टैंकर पहुंचाए जाएंगे। किसानों के खेती के पंपों का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा, खेती पर निर्भर किसानों-खेती मजदूरों को अनाज मिलेगा, जानवरों के लिए चारा, बड़े पैमाने पर पानी बचाने का काम भी किया जाएगा। पिछले आदेश के मुताबिक पेयजल और जानवरों के लिए पानी की प्लानिंग जारी रहेगी। सभी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को पंचनामा प्रक्रिया तुरंत पूरा करने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही फसलों की हालत दिखाने वाली तस्वीरें और जीपीएस से डेटा इकट्ठा करने के आदेश जारी किए हैं।

इसके पहले 24 सितंबर वाशिम दौरे पर पहुंचे देवेंद्र फडणवीस ने घोषणा की थी कि राज्य सरकार जल्द ही प्रभावित इलाकों में गंभीर सूखा घोषित करने के लिए एक सरकारी आदेश जारी करेगी। साथ ही खेती-किसानी के बढ़ते संकट से जूझ रहे राज्य में उन सभी पात्र किसानों को फसल कर्ज माफी का लाभ दिया जाएगा, जो पिछली योजनाओं में छूट गए थे। सीएम ने गांव में किसानों को संबोधित करते हुए लोगों को भरोसा दिलाया था कि सरकारी तंत्र ग्रामीण राहत कार्यों को प्राथमिकता देगा। सीएम ने कहा था कि आर्थिक मदद के अलावा, राज्य प्रशासन पीने के पानी की बिना रुकावट सप्लाई सुनिश्चित करने, मवेशियों के लिए चारा बांटने और फसल के नुकसान का आकलन तेजी से करने के लिए आपातकालीन उपाय कर रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीत के साथ

### आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

**इचिनोमिया सिटी ।** एशियन गेम्स 2026 में आयुष शेट्टी और उन्नति हुड्डा ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन सिंगल्स मुकाबलों के राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह बना ली है। दोनों खिलाड़ियों ने अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल की और भारत की सिंगल्स स्पर्धा में मेडल की उम्मीदों को बरकरार रखा। आयुष को जहां कजाकिस्तान के मखसुत ताजीबुल्लायेव को 21-7, 21-7 से हराने में सिर्फ 21 मिनट लगे, वहीं उन्नति को मलेशिया की वोंग लिंग चिंग से कड़ी टक्कर मिली और उन्हें 79 मिनट तक चले मुकाबले में 21-14, 20-22, 21-19 से जीत हासिल करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। आयुष के लिए दूसरे दौर का मुकाबला आसान रहा।



दुनिया के 20वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और ताजीबुल्लायेव को लय हासिल करने का कोई मौका नहीं दिया। आयुष की सीधे गेम में जीत ने यह भी सुनिश्चित किया कि दिन में बाद में होने वाले अगले मुकाबले के लिए उनकी ऊर्जा बची रहे। आयुष शेट्टी के सामने अब कड़ी चुनौती होगी। राउंड ऑफ 16 में जगह बनाने के बाद वह शाम को प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के अनुभवी खिलाड़ी चाउ टिएन-चेन से भिड़ेंगे। दोनों खिलाड़ियों के बीच अब तक तीन मुकाबले हुए हैं, जिनमें आयुष एक जीत और दो हार के साथ 1-2 से पीछे हैं।
वहीं, उन्नति को कहीं ज्यादा मुश्किल मुकाबले का सामना करना पड़ा।

### पीवी सिंधु ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह, चिउ पिन-चियन को 21-19, 21-14 से हराया

**इचिनोमिया ।** भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु ने शनिवार को इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में महिला सिंगल्स के दूसरे राउंड में चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियन को 21-19, 21-14 से हराकर एशियन गेम्स 2026 के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। एशियन गेम्स में दो बार मेडल जीत चुकीं सिंधु ने पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद पिन-चियन को आसानी से हरा दिया। पहले गेम में ब्रेक के समय वह 10-11 से पीछे थीं,



लेकिन उन्होंने वापसी करते हुए बढ़त बनाई। पहले गेम में उनके दो गेम प्वाइंट हाथ से निकल गए, लेकिन आखिरकार उन्होंने अपने तीसरे गेम प्वाइंट पर पहला गेम जीतकर 1-0 की बढ़त बना ली। इसके बाद ओलंपिक में दो मेडल जीत चुकीं सिंधु दूसरे गेम में बेहतर लय में दिखीं। उन्होंने दूसरे गेम के ब्रेक तक 11-7 की बढ़त बना ली और अपनी लय को बनाए रखते हुए दूसरा गेम 21-14 से जीत लिया। सिंधु अब राउंड ऑफ 16 में जापान की टोमोका मियाजाकी का सामना करेंगी, जो शनिवार को ही खेला जाएगा। मौजूदा गेम्स में इससे पहले भारतीय टीम को महिला टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से हार का सामना करना पड़ा था। इस टीम में सिंधु भी शामिल थीं।

# अनाहत सिंह ने रचा इतिहास

## एशियन गेम्स के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला स्क्वैश खिलाड़ी बनीं



नागोया । भारत की अनाहत सिंह ने जापान की दुनिया की छठे नंबर की खिलाड़ी सतोमी वातानाबे के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 3-2 (9-11, 11-13, 12-10, 11-6, 11-3) से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही अनाहत ने एशियन गेम्स 2026 के महिला सिंगल्स स्क्वैश फाइनल में जगह बना ली है। अनाहत एशियन गेम्स के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला स्क्वैश खिलाड़ी बन गई हैं। 18 साल की भारतीय खिलाड़ी को शुरुआती दो गेम 9-11 और 11-13 से हारने के बाद कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने गेम प्वाइंट्स बचाकर और 8-10 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीसरा गेम 12-10 से जीतकर खुद को मुकाबले में बनाए रखा। इसके बाद अनाहत ने चौथे गेम में शानदार वापसी की। 8-6 से पिछड़ने के बाद, उन्होंने लगातार पांच प्वाइंट जीतकर गेम 11-6 से अपने नाम किया और सेमीफाइनल को 2-2 की बराबरी पर लाकर निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। भारतीय खिलाड़ी ने पांचवें और आखिरी गेम में दबदबा बनाया और इसे 11-3 से जीतकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अनाहत की जीत से उनका मेडल पक्का हो गया है। यह युवा खिलाड़ी इस कॉन्टिनेंटल इवेंट में अपना पहला सिंगल्स मेडल (गोल्ड या सिल्वर) जीतेगी। वातानाबे के तीसरे गेम हारने के बाद, मैच का रुख पूरी तरह से भारतीय खिलाड़ी के पक्ष में हो गया। उन्होंने मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत की और बेहतरीन रैकेट कौशल दिखाते हुए आखिरी दो गेम में अपनी जापानी प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ दिया।

अनाहत की जीत फाइनल के लिहाज से भी बहुत अहम है, क्योंकि एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने पर लॉस एंजिल्स ओलंपिक में सीधे एंट्री मिलती है। अनाहत सिंह पिछली बार एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली महिला और मिक्स्ड टीम का भी हिस्सा थीं। यह युवा खिलाड़ी अब महिला सिंगल्स फाइनल के लिए कोर्ट पर उतरेगी।

### अनाहत के बाद...

### अभय सिंह ने भी बनाई फाइनल में जगह



भारत के अभय सिंह ने शनिवार को पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान को 3-0 (11-3, 12-10, 11-6) से हराकर एशियन गेम्स 2026 के पुरुष सिंगल्स स्क्वैश फाइनल में जगह बना ली है। वहीं, अनाहत महिला सिंगल्स स्क्वैश फाइनल में पहले ही पहुंच चुकी हैं। वह यह मुकाम हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी हैं। दोनों ही एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने और लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए सीधे क्वालिफाई करने के करीब हैं। दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह, सौरव घोषाल के बाद एशियन गेम्स के पुरुष सिंगल्स फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। सौरव घोषाल ने 2014 और 2023 में सिल्वर मेडल जीता था। अभय ने इरफान के खिलाफ पहला गेम 11-3 से जीतकर शानदार शुरुआत की। इरफान ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में भारत के वीर छोटरानी को हराया था। दूसरे गेम में पाकिस्तानी खिलाड़ी ने कड़ी टक्कर दी और स्कोर 10-10 तक पहुंच गया, लेकिन अभय ने संयम बनाए रखा और 12-10 से गेम जीतकर 2-0 की बढ़त बना ली। तीसरा गेम भी पहले गेम जैसा ही रहा। अभय ने खेल पर पकड़ बनाई और चार मैच प्वाइंट हासिल किए। उन्होंने पहले ही मैच प्वाइंट को भुनाते हुए सीधे गेम में जीत दर्ज की और गोल्ड-मेडल मैच में अपनी जगह पक्की कर ली।

### पुरुष मैराथन में 44 साल बाद देश को दिलाया पदक

# सावन बरवाल ने जीता सिल्वर मेडल





**नागोया।** भारत के सावन बरवाल ने एशियन गेम्स 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुष मैराथन में सिल्वर मेडल जीता। बरवाल के सिल्वर ने इवेंट में देश के मेडल जीतने का 44 साल का इंतजार समाप्त किया। भारतीय नेशनल रिकॉर्ड-होल्डर बरवाल नागोया में एक कड़े मुकाबले वाली रेस में मेडल की दौड़ में बने रहे और फिर 42.195 किलोमीटर के इवेंट में दूसरा स्थान हासिल किया। उनका सिल्वर मेडल 1982 के एडिशन के बाद भारत का पहला एशियन गेम्स मैराथन मेडल है और विदेशी धरती पर किसी भारतीय पुरुष का पहला मेडल है। मैराथन सुबह 4 बजे (भारतीय समयानुसार) शुरू हुई, जिसमें बरवाल और साथी भारतीय धावक कार्तिक करकेरा सहित 19 प्रतिभागी शामिल थे। बरवाल शुरुआती स्टेज में लीडिंग ग्रुप में मजबूती से बने रहे, फिर जैसे-जैसे रेस आगे बढ़ी, उन्होंने सबसे आगे अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। आधे रास्ते तक, बरवाल पहले ही दूसरे स्थान पर थे। इसके बाद, जब रेस आगे बढ़ने लगी, तो वह मेडल की दौड़ में बने रहे और 35 किलोमीटर के निशान पर 1:49:29 की रिपोर्टेड टाइमिंग के साथ दूसरे स्थान पर रहे। रेस के लगभग सात किलोमीटर बाकी रहने पर बरवाल जापान के इचिताका यामाशिता का पीछा कर रहे थे। जापानी धावक ने एक बड़ा गैप बना लिया, लेकिन बरवाल ने आखिरी स्टेज तक अपनी जगह बनाए रखी और सिल्वर मेडल की दौड़ में बने रहे। बरवाल की इस कामयाबी से भारत के ऐतिहासिक एशियन गेम्स मैराथन मेडल की गिनती में चौथा मेडल जुड़ गया है। छोटा सिंह ने पहले 1951 एशियन गेम्स में गोल्ड जीता था, जबकि सूरत सिंह माथुर ने उसी एडिशन में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। होसुर कुक्कप्पा सीतारण ने 1982 एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता। बरवाल का सिल्वर मेडल अब 44 सालों में कॉन्टिनेंटल इवेंट में भारत का पहला मैराथन मेडल बन गया है। रेस में दूसरे भारतीय कार्तिक करकेरा 2:22:41 में मैराथन पूरी करके 17वें स्थान पर रहे।



### जोशना-सेंथिलकुमार की जोड़ी को ब्रॉन्ज मेडल से करना पड़ा संतोष, सेमीफाइनल में हारे

नागोया । एशियन गेम्स 2026 में भारत की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार ने स्क्वैश में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। हालांकि, भारतीय जोड़ी को सेमीफाइनल में हांगकांग, चीन की जोड़ी ली का यी और तांग मिंग होंग के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। एक बेहद रोमांचक और करीबी मुकाबले में भारत की मिक्स्ड डबल्स जोड़ी जोशना चिनप्पा और वेलवन सेंथिलकुमार सेमीफाइनल में 1-2 (10-11, 11-2, 10-11) से हार गई। इस हार के साथ उनका फाइनल में पहुंचने का सपना टूट गया। तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी 10-8 से आगे थी और उसके पास मैच जीतने के तीन मौके थे। हालांकि, वे इन मौकों का फायदा नहीं उठा सके। दबाव भरे क्षणों में जोशना का एक शॉट बाहर चला गया, जिससे वे निर्णायक गेम हार गए और उन्हें ब्रॉन्ज मेडल से ही संतोष करना पड़ा। यह चिनप्पा का छठा एशियन गेम्स मेडल है। इससे पहले यह अनुभवी खिलाड़ी तीन ब्रॉन्ज और दो सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं। हालांकि, उनके मेडल कलेक्शन में अभी भी इस कॉन्टिनेंटल इवेंट का गोल्ड मेडल शामिल नहीं हो पाया है।

### चारों क्वार्टर फाइनल की टीमें तय, भारत का अफगानिस्तान से होगा मुकाबला

नई दिल्ली । एशियन गेम्स 2026 में पुरुष क्रिकेट के लीग मुकाबले समाप्त हो गए हैं। मलेशिया और ओमान के बीच ग्रुप बी का मुकाबला बारिश की वजह से धुल जाने के साथ ही लीग मुकाबले खत्म हो गए। लीग मुकाबलों के बाद अगला राउंड क्वार्टर फाइनल का है। चार क्वार्टर फाइनल मुकाबले होने हैं। क्वार्टर फाइनल का शेड्यूल सामने आ चुका है। लीग स्टेज में हुए मुकाबलों में 6 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया था। ग्रुप ए में नेपाल, अफगानिस्तान और जापान शामिल थे, जबकि ग्रुप बी में मलेशिया, हांगकांग और ओमान शामिल थे। ग्रुप ए से नेपाल और अफगानिस्तान तथा ग्रुप बी से मलेशिया और हांगकांग ने क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। भारत, श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान पहले से ही क्वार्टर फाइनल में हैं। क्वार्टर फाइनल के शेड्यूल पर गौर करें तो पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला पाकिस्तान और हांगकांग, चाइना के बीच 28 सितंबर को सुबह 5 :30 बजे से खेला जाएगा। दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला भारत और अफगानिस्तान के बीच 28 सितंबर को सुबह 10 :30 बजे से खेला जाएगा।
तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला 29 सितंबर को सुबह 5 :30 बजे से श्रीलंका और नेपाल के बीच खेला जाएगा।

### भारत ने महिलाओं के 50 मीटर राइफल 3पी टीम इवेंट में सिल्वर जीता

# व्यक्तिगत स्पर्धा में मेडल लाने से चूकीं तिलोत्तमा और विदर्शा



**आइची ।** एशियन गेम्स 2026 में भारत की तिलोत्तमा सेन और विदर्शा के. विनोद व्यक्तिगत शूटिंग मेडल जीतने से चूक गईं। महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा के रोमांचक फाइनल में वे मामूली अंतर से मेडल हासिल नहीं कर सकीं। तिलोत्तमा ब्रॉन्ज मेडल के बहुत करीब थीं। भारतीय शूटर साउथ कोरिया की किम जी-उन पर 0.3 प्वाइंट की बढ़त के साथ तीसरे स्थान के लिए फाइनल शॉट में उतरीं। हालांकि, अपने आखिरी प्रयास में 9.4 स्कोर करने से किम के लिए मौका बन गया, जिन्होंने 10.5 स्कोर करके ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। तिलोत्तमा को चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। विदर्शा की चुनौती एलिमिनेशन राउंड में पहले ही खत्म हो गई। 10.4 के स्कोर ने उन्हें एक राउंड में बने रहने और कजाकिस्तान की एरिना मालिनोव्स्काया (316.7 स्कोर) से आगे निकलने में मदद की। हालांकि, अगले शॉट में 10.0 स्कोर करने से विदर्शा का फाइनल में सफर खत्म हो गया और वह 327.4 स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहीं। ये करीबी मुकाबले तब हुए जब दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने क्वालिफिकेशन राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए आठ-शूटर फाइनल में जगह बनाई थी। तिलोत्तमा 590-32× स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहकर मेडल मुकाबले में उतरी थीं, जबकि विदर्शा ने 588-29× स्कोर के साथ फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

आखिरकार चीन ने पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। हान जियायु ने गोल्ड-मेडल शूटआउट में अपनी ही देश की झांग लियुआन को हराया और निर्णायक शॉट में 10.5 स्कोर करके जीत पक्की की। हान ने 359.0 स्कोर के साथ नया एशियन रिकॉर्ड बनाया, जबकि झांग ने 358.8 स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता।

# मिवा हरिमोटो से हारकर यशस्विनी बाहर



**टोयोटा ।** भारत की यशस्विनी घोरपड़े का एशियन गेम्स 2026 में महिला एकल का अभियान शनिवार को तीसरे राउंड में समाप्त हो गया। दुनिया की नंबर 3 खिलाड़ी जापान की मिवा हरिमोटो ने यशस्विनी को 9-11, 5-11, 11-4, 4-11, 5-11 से हराया।

हरिमोटो ने मुकाबले में शुरू में ही नियंत्रण बना लिया था और घोरपड़े को एक करीबी शुरुआती गेम में हराया। दूसरा गेम उन्होंने और आसान तरीके से जीता। घोरपड़े ने तीसरे गेम में अपनी लय पाई और 11-4 की जबरदस्त जीत के साथ मोमेंटम को अपनी तरफ मोड़ा। हालांकि, जापानी खिलाड़ी ने जल्दी ही अपना दबदबा वापस पा लिया। हरिमोटो ने चौथे गेम में अपना गेम सुधारा, जिससे घोरपड़े को वापसी करने का मौका नहीं मिला, और पांचवें गेम में मुकाबला जीतकर अगले राउंड में पहुंच गईं। घोरपड़े ने सीरिया की हेंड जाजा पर 4-1 से जीत के साथ तीसरे राउंड में जगह बनाई थी। एकल से बाहर होने के साथ ही उनका व्यक्तिगत कैंपेन खत्म हो गया। इससे पहले उन्होंने गेम्स में विमेंस डबल्स और मिक्स्ड डबल्स कॉम्पिटिशन में भी हिस्सा लिया था। घोरपड़े और दिया चिताले शुक्रवार को चीन की फैन शुहान और चेन यी से 0-3 से हारने से पहले विमेंस डबल्स क्वार्टर-फाइनल में पहुंची थीं।

श्रीजा अकुला और सिंड्रेला दास भी डबल्स मुकाबले से बाहर हो गईं; उन्हें तीसरे राउंड में चीन की कुआई मान और वांग मन्यु से 0-3 से हार मिली।

भारत की टेबल टेनिस टीम ने फिर भी नागोया में एक मेडल पक्का कर लिया है।

# डिफेंडिंग चैंपियन सात्विक-चिराग पुरुष डबल्स के पहले ही राउंड में बाहर



**आइची ।** डिफेंडिंग चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुक्रवार को एशियन गेम्स 2026 में पुरुष डबल्स बैडमिंटन इवेंट के पहले ही राउंड में थाईलैंड के पीराचाई सुखफुन और पक्कापोन तीरात्सकुल से हारकर बाहर हो गए। दुनिया की नंबर 5 भारतीय जोड़ी इचिनोमिया सिटी म्युनिसिपल जिम्नेजियम में दुनिया की नंबर 36 थाई जोड़ी से 21-12, 19-21 और 14-21 से हार गई, जिससे उनका टाइटल डिफेंस निराशाजनक तरीके से खत्म हो गया। पिछले महीने चाइना मास्टर्स का खिताब जीतने के बाद सात्विक और चिराग काफी मोमेंटम के साथ एशियन गेम्स में उतरे थे। उन्होंने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए चीन के ही जिटिंग और रेन शियांग्यू को 70 मिनट के फाइनल में 11-21, 21-13 और 21-17 से हराया।

सात्विक और चिराग थाई जोड़ी के खिलाफ शुरुआत में पूरे नियंत्रण में दिखे और पहला गेम 21-12 से जीत लिया। लेकिन सुखफुन और तीरात्साकुल ने धीरे-धीरे अपनी लय पकड़ ली और दूसरे गेम में भारतीयों को और मेहनत करने पर मजबूर कर दिया।

थाई जोड़ी ने 17-13 से चार पॉइंट की बढ़त बना ली थी, जिसके बाद सात्विक और चिराग ने वापसी करते हुए अंतर को 18-19 कर दिया। हालांकि, यह वापसी कमजोर रही, क्योंकि थाई जोड़ी ने निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com